# अर्थव्यवस्था की स्थिति*

*पश्चिम एशिया में संघर्ष ने मार्च में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को तीव्र कर दिया, हालांकि अप्रैल की पहली छमाही में कुछ राहत देखी गई। घरेलू आर्थिक गतिविधि ने कई खंडों में सुदृढ़ता दिखाई, जबकि कुछ अन्य खंडों में धीमी गति रही। ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों से संचालित सीपीआई मुद्रास्फीति मार्च में थोड़ी बढ़ी। पश्चिम एशिया में अस्थायी युद्धविराम के बाद मुद्रा बाजार और बॉण्ड प्रतिफल में नरमी आई। आयात में धीमी गति और निर्यात में विस्तार के कारण व्यापार घाटा घटकर नौ महीने के निचले स्तर पर आ गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के प्रवाह में उतार-चढ़ाव बना रहा, हालांकि फरवरी में निवल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) सकारात्मक हो गया।*

## परिचय

पश्चिम एशिया में संघर्ष ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है, जो पहले से ही व्यापारिक तनावों से प्रभावित है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के माध्यम से टैंकरों की आवाजाही पर लगभग पूर्ण विराम ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को और बढ़ा दिया है। संघर्ष की अवधि और तीव्रता ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यापक व्यवधानों और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के मध्य वैश्विक विकास की संभावनाओं के लिए काफी अनिश्चितता पैदा कर दी है।

वैश्विक आर्थिक गतिविधि मंद पड़कर 11 महीने के निचले स्तर पर आ गई, क्योंकि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में गति कमजोर पड़ गई। कीमती धातुओं को छोड़कर, वैश्विक पण्य कीमतों में तेजी से उछाल आया और यह तेजी व्यापक स्तर पर देखी गई। कच्चे तेल के मूल्य 31 मार्च को बहु-वर्षीय उच्च स्तर 118.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल को छू गए और उच्च बने हुए हैं।[1] हाल ही में, अप्रैल की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम हुआ, जिससे तनाव कुछ हद तक कम हुआ और वस्तु मूल्य अपने हाल के शिखर स्तर से नीचे आए, हालांकि वे अभी भी ऊंचे बने हुए हैं। उच्च कीमतों द्वारा क्रय क्षमता के ह्रास और आस्ति मूल्यों में कमजोरी को लेकर चिंताओं के कारण उपभोक्ता के रुख में भारी गिरावट आई हैं।[2] व्यापारिक आशावाद भी मार्च में पांच महीने के निचले स्तर पर गिर गया, जो 2020 में महामारी के बाद से इसके सबसे कमजोर स्तरों में से एक है।[3] अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2026 में वैश्विक विकास में मंदी और मुद्रास्फीति में वृद्धि का अनुमान लगाया है। विकास में यह गिरावट और मुद्रास्फीति का दबाव उभरती बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।[4]

वित्तीय बाजारों ने इन उथल-पुथल भरे विकासक्रमों को पर्याप्त रूप से समाहित कर लिया है। बढ़ी हुई अनिश्चितता के बीच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वैश्विक इक्विटी सूचकांक गिरे हैं। अस्थायी युद्धविराम के कारण अप्रैल की शुरुआत में कुछ हद तक सुधार देखा गया। लगातार बनी हुई मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण मार्च में बॉण्ड प्रतिफल, विशेष रूप से अमेरिका में बढ़े , जबकि उभरते बाजारों में बॉण्ड प्रतिफल स्प्रेड में बढ़ोतरी हुई। मार्च में उभरते बाजारों में पूंजी प्रवाह में तेज गिरावट दर्ज की गई, जो महामारी के बाद से सबसे बड़ा बहिर्वाह है। मार्च में प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में मुद्रास्फीति का दबाव मजबूत हुआ और बढ़ी हुई अनिश्चितता के मद्देनजर केंद्रीय बैंकों ने मुख्य रूप से ब्याज दरों को यथावत रखा।

मार्च के लिए घरेलू उच्च-आवृत्ति संकेतक सामान्यतः वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आ रहे अवरोधों के प्रतिकूल प्रभाव को नहीं दर्शाते हैं, क्योंकि सरकार द्वारा कुछ प्रमुख जोखिमों को नियंत्रित कर लिया गया है, जिससे पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। समग्र मांग की स्थितियां सुदृढ़ बनी रहीं, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक समर्थन प्राप्त हुआ। जीएसटी राहत के प्रभाव के चलते ऑटोमोबाइल बिक्री और वाहन पंजीकरण मजबूत बने रहे। महीने के दौरान ई-वे बिल बनाने और

^ यह लेख राजीब दास, राधेश्याम वर्मा, शशि कांत, रजनी दहिया, श्रेया कंसल, ऊर्जा यादव, यामिनी झांब, विकास आनंद, भाग्यश्री चट्टोपाध्याय, नीलवा दास, गौतम, अनुपम कुमार, अमृता बसु, रागिनी, लव कुमार शांडिल्य, सिद्धार्थ आर्य, डी. सुगंधी, शिवम, अमन तिवारी, अमर जोश डुंगडुंग, विशाल मौर्य, अमित पवार, सुप्रियो मंडल, समृद्धि, अथिरा सी ए, पलक गोयल और सौरभ शर्मा द्वारा तैयार किया गया है। उप गवर्नर डॉ. पूनम गुप्ता द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और टिप्पणियों को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया जाता है। आशीष थॉमस जॉर्ज, पी. बृजेश और सुब्रत कुमार सीत द्वारा सहकर्मी समीक्षा को भी स्वीकार किया जाता है। इस लेख में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

[1] 17 अप्रैल, 2026 तक ब्रेंट क्रूड जेनेरिक 1st फ्यूचर्स दैनिक क्लोजिंग कीमतों के आधार पर।

[2] यूनाइटेड स्टेट्स मिशिगन कंज्यूमर सेंटिमेंट, अप्रैल 2026।

[3] जेपी मॉर्गन ग्लोबल कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), मार्च 2026।

[4] आईएमएफ का विश्व आर्थिक आउटलुक, अप्रैल 2026।

पेट्रोल व डीजल की खपत जैसे लॉजिस्टिक्स संकेतकों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

हालांकि, बंदरगाह माल ढुलाई, वायु यात्री यातायात और क्रय प्रबंधकों के दृष्टिकोण जैसे चुनिंदा संकेतकों में मंदी के प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। विनिर्माण पीएमआई, यद्यपि विस्तार के क्षेत्र में बना हुआ है, लेकिन लगभग चार वर्षों के निचले स्तर पर गिर गया है। लागत संबंधी दबावों और अनिश्चितताओं का असर नए आदेशों और उत्पादन पर पड़ा, जो 2022 के मध्य से सबसे धीमी दर से बढ़े हैं। सेवा क्षेत्र पीएमआई ने सुदृढ़ता दिखाई, हालांकि, विस्तार की गति 14 महीनों के निचले स्तर पर धीमी हो गई, जो नए कारोबार में नरमी को दर्शाती है। आठ कोर उद्योगों का सूचकांक भी गिरा, जो उर्वरकों, कच्चे तेल, कोयले और बिजली के उत्पादन में गिरावट के कारण 19 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है।

कृषि के संबंध में, पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद निविष्टि आपूर्तियों को लेकर चिंताओं के बावजूद, दलहन, तिलहन और मोटे अनाज के लिए अनुकूल ग्रीष्मकालीन बुवाई ने धान की बुवाई में आई गिरावट की भरपाई कर दी है। चालू ग्रीष्मकाल के लिए जलाशयों में भंडारण स्तर पर्याप्त बने हुए हैं। वर्तमान में सार्वजनिक खाद्यान्न स्टॉक भी किसी भी आकस्मिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए बफर मानदंडों से काफी ऊपर हैं। हालांकि, संभावित एल नीनो की स्थितियों के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से कम वर्षा की संभावना कृषि उत्पादन के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करती है।

मार्च में व्यापार घाटा संकुचित होकर नौ महीने के निम्नतम स्तर पर आ गया। क्रमिक आधार पर, मार्च 2026 में निर्यात में विस्तार हुआ, जबकि आयात में संकुचन दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण उस क्षेत्र से होने वाले निर्यात और आयात दोनों में गिरावट आई।

पश्चिम एशिया से आई ऊर्जा आघात के बावजूद, मार्च में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की समग्र मुद्रास्फीति में केवल मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जिसके साथ घरेलू एलपीजी की कीमतों में वृद्धि और खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी के कारण ईंधन मुद्रास्फीति में भी इजाफा हुआ। ईंधन और बिजली की बढ़ती लागतों से संचालित थोक मुद्रास्फीति भी मार्च में पांचवें लगातार महीने बढ़ी। आपूर्ति पक्ष की बाधाओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा की गई त्वरित आपूर्ति प्रबंधन कार्रवाई ने मुद्रास्फीति के दबावों को नियंत्रित करने में सहायता की।[5]

तेजी से विकसित हो रही पृष्ठभूमि में, मौद्रिक नीति समिति ने अपनी अप्रैल 2026 की बैठक में नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा और आने वाले आंकड़ों का जवाब देने के लिए लोचनीयता बनाए रखने के लिए “तटस्थ” रुख बनाए रखा।

मार्च की दूसरी छमाही में कर बहिर्वाह के कारण प्रणालीगत चलनिधि में कमी आई थी, हालाँकि अप्रैल में कर बहिर्वाह का दबाव कम होने और सरकारी व्यय में वृद्धि होने के साथ चलनिधि की स्थिति में सुधार हुआ। चलनिधि की इन स्थितियों के प्रतिबिंब के रूप में अप्रैल में भारित औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) रेपो दर से नीचे चली गई। मार्च की दूसरी छमाही में कुछ बढ़ने के बाद अप्रैल में खजाना बिलों की प्रतिफल में नरमी आई। मार्च माह में वाणिज्यिक पत्रों पर प्रतिफल और जमा प्रमाणपत्रों पर ब्याज दरें ऊंची बनी रहीं, जिसके बाद अप्रैल में इनमें उल्लेखनीय नरमी आई। पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के बाद वैश्विक रुझानों के आंशिक प्रतिबिंब के रूप में, मार्च में निर्धारित अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल में वृद्धि हुई और अप्रैल में भी ये ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। मौजूदा नरमी चक्र में ब्याज दरों तक बेहतर संचरण के साथ बैंक ऋण में वृद्धि उच्च रही है। वर्ष 2025-26 के दौरान, वाणिज्यिक क्षेत्र को कुल वित्तीय संसाधनों के प्रवाह में वृद्धि हुई, जिसमें सामान्य तौर पर ऋण प्रवाह में तेजी लाने में बैंक और गैर-बैंक दोनों स्रोतों का योगदान रहा।

मार्च में लगातार अनिश्चितता और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली के दबाव के बीच भारतीय इक्विटी बाजारों में गिरावट आई, हालांकि अस्थायी युद्धविराम की घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद अप्रैल

[5] सरकार द्वारा किए गए कुछ आपूर्ति प्रबंधन उपायों में घरेलू और आवश्यक आवश्यकताओं के लिए एलपीजी वितरण को प्राथमिकता देना, रिफाइनरी उत्पादन में वृद्धि करना और घरेलू और वाणिज्यिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शनों को आसान बनाना शामिल है। पेट्रोल और डीजल के पंपों पर खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकार ने 27 मार्च, 2026 से दोनों वस्तुओं पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है।

में इनमें मध्यम सुधार हुआ। मार्च में निवल एफपीआई बहिर्वाह में तेजी से वृद्धि हुई और अप्रैल में भी निवल बिकवाली जारी रही। भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि के समर्थन से 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान भारत की निवल अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी) में सुधार हुआ।

मार्च में रुपये का मूल्यह्रास हुआ, लेकिन अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा और तटवर्ती और अपतटीय बाजारों के बीच सट्टा मध्यस्थता की स्थिति को कम करने के उद्देश्य से आरबीआई के उपायों ने अप्रैल की शुरुआत में मुद्रा को कुछ समर्थन प्रदान किया। भारत के प्रमुख बाहरी क्षेत्र के भेद्यता संकेतक दिसंबर 2025 के अंत तक नियंत्रित रहे और विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल, 2026 तक अनुकूल बना रहा।

इस पृष्ठभूमि के मद्देनजर, लेख के शेष भाग को चार खंडों में विभाजित किया गया है। खंड II वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहे विकासों को कवर करता है। खंड III घरेलू समष्टि आर्थिक स्थितियों का आकलन प्रस्तुत करता है। खंड IV भारत में वित्तीय स्थितियों का सारांश प्रस्तुत करता है, जबकि खंड V निष्कर्षात्मक अवलोकन प्रस्तुत करता है।

### II. वैश्विक परिस्थिति

पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की स्थिति में, जो गंभीर आपूर्ति कमी से चिह्नित थी, वैश्विक विकास की संभावनाएं अनिश्चित बनी रहीं। अपने नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य (अप्रैल 2026) में आईएमएफ ने संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाते हुए 2026 में वैश्विक विकास में कमी का अनुमान लगाया (सारणी II.1)। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के बंद होने के बाद आपूर्ति में व्यवधान के बीच ऊर्जा की ऊंची कीमतों द्वारा संचालित, मुद्रास्फीति के अनुमानों को ऊपर की ओर संशोधित किया गया। विकास में धीमी गति और बढ़ती मुद्रास्फीति के दबाव उभरती बाजार और विकासशील अर्थव्यस्थाओं (ईएमडीई) में अधिक स्पष्ट होने का अनुमान लगाया गया। साथ ही, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पादकता लाभों के तेजी से साकार होने और व्यापार तनावों में निरंतर कमी के साथ विकास की संभावनाएं मजबूत हो सकती हैं।

**सारणी II.1: आईएमएफ का जीडीपी वृद्धि अनुमान – चुनिंदा एई और ईएमडीई**

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)*

| के लिए अनुमान | 2026 | | 2027 | |
|---|---|---|---|---|
| **अनुमान का महीना** | **जनवरी 2026** | **अप्रैल 2026** | **जनवरी 2026** | **अप्रैल 2026** |
| **विश्व** | **3.3** | **3.1** | **3.2** | **3.2** |
| **उन्नत अर्थव्यवस्थाएं** | **1.8** | **1.8** | **1.7** | **1.7** |
| अमेरिका | 2.4 | 2.3 | 2.0 | 2.1 |
| यूके | 1.3 | 0.8 | 1.5 | 1.3 |
| यूरो क्षेत्र | 1.3 | 1.1 | 1.4 | 1.2 |
| जापान | 0.7 | 0.7 | 0.6 | 0.6 |
| **उभरती बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **4.2** | **3.9** | **4.1** | **4.2** |
| रूस | | 1.1 | 1.0 | 1.1 |
| **उभरता और विकासशील एशिया** | **5.0** | **4.9** | **4.8** | **4.8** |
| भारत# | | | 6.4 | 6.5 |
| चीन | 4.5 | 4.4 | 4.0 | 4.0 |
| **लैटिन अमेरिका और कैरिबियन** | **2.2** | **2.3** | **2.7** | **2.7** |
| मेक्सिको | | | 2.1 | 2.2 |
| ब्राज़ील | 1.6 | 1.9 | 2.3 | 2.0 |
| **मध्य पूर्व और मध्य एशिया** | **3.9** | **1.9** | **4.0** | **4.6** |
| **सब-सहारा अफ्रीका** | **4.6** | **4.3** | **4.6** | **4.4** |
| दक्षिण अफ्रीका | 1.4 | 1.0 | 1.5 | 1.3 |

**टिप्पणी** : #: भारत का डेटा वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) के आधार पर है, जबकि अन्य सभी देशों के लिए यह कैलेंडर वर्ष के आधार पर है।
**स्रोत** : आईएमएफ का विश्व आर्थिक परिदृश्य, अप्रैल 2026।

जैसे-जैसे अमेरिका-ईरान युद्ध एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में फैलता गया, मार्च में भू-राजनीतिक जोखिम में तेजी से वृद्धि हुई (चार्ट II.1ए)। संघर्ष के तीव्र होने के बाद, वित्तीय बाजारों में अस्थिरता मार्च के दौरान 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, हालांकि अस्थायी युद्धविराम की खबरों पर अप्रैल में इसमें कमी आई (चार्ट II.1बी)। साथ ही, माल ढुलाई और शिपिंग मार्गों में व्यवधान, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के आसपास के कारण समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला दबाव जनवरी 2023 के बाद से अपने सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गए (चार्ट II.1सी)।

वैश्विक समग्र क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च में गिरकर 11 महीने के निचले स्तर पर आ गया, जो कमजोर व्यावसायिक अनुकूलता और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान को दर्शाता है। विनिर्माण और सेवा दोनों ही क्षेत्रों में उत्पादन विस्तार

**चार्ट II.1: मार्च में भू-राजनीतिक जोखिम और आपूर्ति शृंखला दबाव में वृद्धि हुई**




**स्रोत:** शिकागो बोर्ड ऑप्शंस एक्सचेंज; ब्लूमबर्ग; www.PolicyUncertainty.com; विश्व अनिश्चितता सूचकांक डेटाबेस; और फेडरल रिज़र्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क

की गति में कमी आई। निर्यात के नए आदेश अप्रैल 2025 के बाद पहली बार फरवरी 2026 में विस्तार दर्ज करने के उपरांत, मार्च में पुनः संकुचन में लौट आए (सारणी II.2)।

प्रमुख एई और ईएमडीई में व्यावसायिक गतिविधियों में व्यापक स्तर पर मंदी देखी गई (चार्ट II.2ए)। नए निर्यात आदेशों में रुझान क्षेत्रों के अनुसार भिन्न-भिन्न रहे, जहाँ अधिकांश एई में

**सारणी II.2: मार्च में वैश्विक समग्र पीएमआई में नरमी आई**

| | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला-25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पीएमआई समग्र | 52.1 | 50.8 | 51.2 | 51.7 | 52.5 | 52.9 | 52.5 | 53 | 52.7 | 52.0 | 52.5 | 53.3 | 51.0 |
| पीएमआई विनिर्माण | 50.3 | 49.8 | 49.5 | 50.4 | 49.7 | 50.9 | 50.7 | 50.9 | 50.5 | 50.4 | 50.9 | 51.9 | 51.3 |
| पीएमआई सेवाएं | 52.7 | 50.8 | 52 | 51.8 | 53.5 | 53.3 | 52.9 | 53.5 | 53.2 | 52.4 | 52.7 | 53.4 | 50.8 |
| पीएमआई निर्यात आदेश | 50.1 | 47.5 | 48.0 | 49.1 | 48.5 | 48.9 | 49.7 | 48.6 | 50.0 | 49.2 | 49.7 | 51.2 | 49.7 |
| पीएमआई निर्यात आदेश : विनिर्माण | 50.1 | 47.3 | 48.0 | 49.2 | 48.2 | 48.7 | 49.5 | 48.3 | 49.9 | 49.1 | 49.9 | 51.4 | 50.1 |
| पीएमआई निर्यात आदेश : सेवाएं | 50.1 | 48.2 | 47.9 | 48.7 | 49.4 | 49.3 | 50.2 | 49.4 | 50.2 | 49.6 | 49.0 | 50.6 | 48.3 |

50

<<<<<< संकुचन-------------------------------------------------- विस्तार >>>>>>

**टिप्पणीयाँ:** 1. पीएमआई, एक प्रसार सूचकांक है, जो पिछले माह की तुलना में प्रत्येक चर में हुए परिवर्तन को दर्शाता है, यह बताते हुए कि प्रत्येक बढ़ा/सुधरा है, घटा/बिगड़ा है या अपरिवर्तित रहा है। 50 से अधिक का पीएमआई मान विस्तार को दर्शाता है; 50 से कम संकुचन को दर्शाता है; और 50 के बराबर 'कोई परिवर्तन नहीं' को दर्शाता है।

2. अप्रैल 2023 के बाद के आंकड़ों पर हीट मैप लागू किया गया है। इस मानचित्र में रंग कोड का प्रयोग किया गया है–लाल रंग प्रत्येक पीएमआई श्रृंखला में सबसे कम मान को दर्शाता है, पीला रंग 50 (या कोई परिवर्तन नहीं वाले मान) को दर्शाता है, और हरा रंग सबसे उच्च मान को दर्शाता है।

**स्रोत:** एस एंड पी ग्लोबल.

**चार्ट II.2: पीएमआई: अधिकार-क्षेत्रों के बीच तुलना**




**टिप्पणी:** 50 का स्तर दर्शाता है कि गतिविधि में कोई परिवर्तन नहीं है, 50 से अधिक का मान विस्तार दर्शाता है और 50 से कम संकुचन की ओर संकेत करता है।

**स्रोत:** एस&पी ग्लोबल

आदेशों में संकुचन दर्ज किया गया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया, जापान और जर्मनी इसमें उल्लेखनीय अपवाद रहे। प्रमुख ईएमडीई में, भारत में निर्यात आदेशों में मजबूत गति से विस्तार हुआ, जबकि रूस में इनमें संकुचन देखी गई (चार्ट II.2बी)।

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में टैंकर यातायात के रुकने से मार्च में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान उत्पन्न हुआ। विश्व बैंक के वस्तु मूल्य सूचकांक में ऊर्जा और उर्वरक की कीमतों में वृद्धि के कारण तेज़ी से उछाल आया। खाद्य और कृषि संगठन के खाद्य मूल्य सूचकांक में प्रमुख वस्तु समूहों में व्यापक स्तर पर मुद्रास्फीति देखी गई (चार्ट II.3ए)। हालाँकि, मार्च में सोने की कीमतों में नरमी आई, क्योंकि बढ़े हुए मुद्रास्फीति के जोखिमों ने मौद्रिक नीति में ढील की उम्मीदों को मंद कर दिया और सुरक्षित निवेश की मांग अमेरिकी डॉलर और स्थिर आय वाली संपत्तियों की ओर स्थानांतरित हो गई। अप्रैल में, पश्चिम एशिया में हो रही घटनाओं के मद्देनज़र नीतिगत ब्याज दरों को लेकर बदलती उम्मीदों के कारण सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहा (चार्ट II.3बी)।

**चार्ट II.3: मार्च में सामान्य तौर पर पण्य/खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेज़ी आई**




**स्रोत:** खाद्य और कृषि संगठन; ब्लूमबर्ग; वर्ल्ड बैंक पिंक शीट।

बहुमूल्य धातुओं को छोड़कर, पश्चिम एशिया में संघर्ष में तेजी के मद्देनजर वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं और यह तेजी व्यापक स्तर पर देखी गई। ऊर्जा की कीमतों में हुई तीव्र वृद्धि के कारण मार्च में ब्लूमबर्ग वस्तु सूचकांक में भारी उछाल आया और अप्रैल की शुरुआत तक यह ऊंचे स्तर पर बना रहा, हालांकि अस्थायी युद्धविराम के बाद इसमें कुछ कमी देखी गई। 31 मार्च को ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें चार साल के उच्चतम स्तर 118.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं और युद्धविराम के बावजूद कुछ गिरावट के बाद भी ऊंचे स्तर पर बनी रहीं (चार्ट II.3बी)। क्षेत्र में एल्युमीनियम स्मेल्टरों पर हमलों के कारण आपूर्ति की कमी के कारण एल्युमीनियम की कीमतों में वृद्धि हुई। गैसोलीन और एलपीजी की कीमतों में तेज वृद्धि के साथ-साथ विमानन ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई, जो आंशिक रूप से रिफाइनरी के कामकाज में रुकावट को दर्शाती है। अप्रैल में, विमान ईंधन और गैसोलीन की कीमतें ऊंची रहीं, हालांकि एलपीजी की कीमतें अपने चरम से कम हो गईं। पश्चिम एशिया सल्फर और यूरिया का प्रमुख उत्पादक होने के नाते, इस क्षेत्र में आपूर्ति में व्यवधान के कारण उर्वरक की कीमतों में वृद्धि हुई (चार्ट II.4)।

मार्च में, प्रमुख एई में हेडलाइन मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई, क्योंकि प्रमुख शिपिंग मार्गों में व्यवधान और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि ने आपूर्ति-पक्ष के दबावों को नवीनीकृत किया। प्रमुख एई में, अमेरिका और यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति में तेजी आई, जो बड़े पैमाने पर उच्च ऊर्जा कीमतों से प्रेरित थी(चार्ट II.5ए)। प्रमुख ईएमडीई में, मुद्रास्फीति के रुझान मिश्रित रहे। चीन में मुद्रास्फीति कम हो गई, जबकि ब्राजील में ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण इसमें वृद्धि हुई (चार्ट II.5बी)।

मार्च में, संघर्ष को लेकर बढ़ी हुई अनिश्चितता और नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की कम होती उम्मीदों के बीच, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वैश्विक इक्विटी बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। विशेष रूप से, जापान में महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई, जहां एआई से जुड़े सकारात्मक रुख से पहले जो लाभ हुए थे, वे लाभ बुकिंग

**चार्ट II.4: पश्चिम एशिया में लगातार तनाव के बीच पण्य की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं**




**टिप्पणी:** आंकड़े निम्नलिखित बेंचमार्क करार और मूल्य सूचकांकों से संबंधित हैं: एलएमई एल्युमीनियम 3-महीने के वायदा; सिंगापुर जेट केरोसीन और सिंगापुर पेट्रोल के स्पॉट मूल्य; यूरीया यूएस गल्फ वायदा; और मोंट बेल्वियू प्रोपेन निश्चित मूल्य वायदा (एलपीजी)।
**स्रोत:** ब्लूमबर्ग।

**चार्ट II.5: प्रमुख एई और ईएमडीई में हेडलाइन मुद्रास्फीति**

**ए. चुनिंदा एई**




**बी. चुनिंदा ईएमडीई**




**टिप्पणी:** अमरीकी सरकार के शटडाउन के कारण अक्तूबर-25 2025 के लिए अमरीकी सीपीआई डेटा उपलब्ध नहीं है।
**स्रोत:** ब्लूमबर्ग: और ओईसीडी।

और बढ़ते वैश्विक जोखिम से बचने के रुझान के कारण आंशिक रूप से समाप्त हो गए। अप्रैल में अब तक, संघर्ष में कमी के संकेतों के बीच बाजारों ने अपनी पिछली हानि का कुछ हिस्सा वापस पा लिया है (चार्ट II.6ए)।

**चार्ट II.6: वैश्विक वित्तीय बाज़ार**

**ए. इक्विटी सूचकांक: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाएँ**




**टिप्पणी:** इक्विटी बाजारों को अमेरिका के लिए एस एंड पी 500, चीन के लिए एसएसई समग्र सूचकांक, जापान के लिए निक्केई 225 और यूरोप के लिए स्टॉक्स 600 द्वारा दर्शाया गया है।।
**स्रोत:** ब्लूमबर्ग।

**बी. सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल**




**स्रोत:** ब्लूमबर्ग।

**सी. मुद्रा सूचकांक**




**स्रोत:** ब्लूमबर्ग।

**डी. ईएमई में पोर्टफोलियो प्रवाह**




**स्रोत:** अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान।

मार्च में, बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कम होने के कारण, सुरक्षित निवेश की मांग के बावजूद अमेरिकी 10-वर्षीय खजाना बॉण्ड की प्रतिफल में वृद्धि हुई। अप्रैल में, भू-राजनीतिक तनाव में कमी और अमेरिका-ईरान वार्ता की नई उम्मीदों के कारण मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं कम हुईं, जिससे प्रतिफल में नरमी आई। उभरते बाजारों के बॉण्ड प्रतिफल में स्प्रेड बढ़ गया, क्योंकि जोखिम से बचने की रुख और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण निवेशकों ने जोखिम के लिए उच्चतर प्रतिफल की मांग की। अप्रैल में, भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदों के बीच यह अंतर संकुचित हुआ (चार्ट II.6बी)। मार्च में, सुरक्षित निवेश की मजबूत मांग और ब्याज दरों में वृद्धि की उम्मीदों के कारण अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मजबूती आई; इसे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति संयुक्त राज्य अमेरिका के कम जोखिम वाले संपर्क से भी अतिरिक्त समर्थन मिला। अप्रैल में, वैश्विक जोखिम भावना में सुधार के बीच यह सूचकांक नरम पड़ा (चार्ट II.6सी)। मार्च में, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर निवेशक का रुख खराब होने के कारण उभरते बाजारों में पोर्टफोलियो प्रवाह कमजोर हो गया (चार्ट II.6डी)।

मार्च में, अधिकांश प्रणालीगत केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखा, जो मुद्रास्फीति के लिए ऊपर के जोखिमों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच सावधानी को दर्शाता है (चार्ट II.7)। एई में, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र, जापान, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और कनाडा ने दरों को स्थिर रखा क्योंकि बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागत ने मुद्रास्फीति और विकास के दृष्टिकोण को धुंधला कर दिया। इसके विपरीत, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरी बैठक के लिए अपनी बेंचमार्क दर बढ़ाई, क्योंकि मुद्रास्फीति लक्ष्य बैंड से ऊपर रही। प्रमुख ईएमडीई में, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और दक्षिण अफ्रीका ने अपनी नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखा, जबकि रूस, मैक्सिको और ब्राजील ने दरों में कटौती की। अप्रैल में अब तक चीन, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया ने अपनी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।

### III. घरेलू विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आए प्रमुख आपूर्ति आघात के बावजूद मजबूती बनाए हुए है। मार्च में, आर्थिक गतिविधि के उपलब्ध उच्च-आवृत्ति

**चार्ट II.7: मार्च-अप्रैल में अधिकांश प्रणालीगत केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा**




**टिप्पणी** : सफेद रंग के ब्लॉक नीति-विरुद्ध माह को दर्शाते हैं।

**स्रोत** : ब्लूमबर्ग।

संकेतकों ने अलग-अलग रुझानों को प्रदर्शित किया : आर्थिक गति में मंदी के कुछ क्षेत्रों के बावजूद, मांग की स्थिति सुदृढ़ बनी रही। आरबीआई के भविष्योन्मुखी सर्वेक्षणों ने वर्तमान स्थिति पर उपभोक्ता विश्वास को कम करने और लागत के दबाव के निर्माण के साथ-साथ व्यापार आशावाद में कमी की ओर इशारा किया।[6]

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अप्रैल 2026 की अपनी द्विमासिक समीक्षा में सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के लिए मतदान किया। एमपीसी ने तटस्थ रुख जारी रखने का भी फैसला किया, आने वाली सूचनाओं पर विवेकपूर्ण तरीके से प्रतिक्रिया देने की लोचनीयता को बरकरार रखा। यह निर्णय भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों द्वारा निर्देशित था, जिसने इसे बाहरी आघातों का सामना करने के लिए अधिक सुदृढ़ता प्रदान किया।

### कुल मांग

आर्थिक गतिविधि के उच्च-आवृत्ति संकेतकों ने मार्च में मिश्रित प्रदर्शन प्रदर्शित किया। ई-वे बिलों में जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने के समर्थन से दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो माल की मजबूत आवाजाही को दर्शाता है। जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई, जो निरंतर खपत और बेहतर अनुपालन को दर्शाती है।[7] आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच आंशिक रूप से खरीदारी से पेट्रोल और डीजल की खपत में तेजी देखी गई। तथापि, समग्र पेट्रोलियम खपत में कमी आई, जिसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद व्यापक उड़ान निलंबन के कारण विमानन टरबाइन ईंधन की मांग में तीव्र गिरावट आई। डिजिटल भुगतान ने लेनदेन मूल्य और मात्रा दोनों के संदर्भ में मजबूत वृद्धि दर्ज करना जारी रखा। हालांकि, बिजली की मांग मध्यम रही, मुख्य रूप से मार्च के पहले 25 दिनों में सामान्य से अधिक बारिश के कारण, जिससे शीतलन की आवश्यकता कम हो गई। टोल संग्रह में गिरावट का रुझान जारी रहा, जो अगस्त 2025 में फास्टैग वार्षिक पास योजना के शुरू किए जाने को दर्शाता है[8] (सारणी III.1)।

**सारणी III.1: मार्च में आर्थिक गतिविधि ने मिश्रित प्रदर्शन दिखाया**

| संकेतक | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला-25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जीएसटी ई-वे बिल | 20.2 | 23.4 | 18.9 | 19.3 | 25.8 | 22.4 | 21.0 | 8.2 | 27.6 | 23.5 | 15.8 | 18.8 | 12.9 |
| जीएसटी राजस्व | 10.6 | 13.3 | 17.3 | 6.5 | 8.2 | 6.9 | 10.0 | 7.6 | 0.7 | 6.1 | 6.2 | 8.1 | 8.8 |
| टोल संग्रह | 11.9 | 16.6 | 16.4 | 15.5 | 14.8 | 12.7 | 4.5 | 4.6 | 2.9 | 0.4 | -1.8 | -8.7 | -4.0 |
| बिजली मांग | 5.7 | 2.8 | -4.8 | -2.3 | 2.6 | 3.8 | 3.5 | -5.8 | -0.6 | 5.8 | 3.8 | 1.0 | 1.7 |
| पेट्रोलियम खपत | -3.1 | 0.2 | 1.1 | 0.5 | -4.4 | 4.8 | 7.0 | -1.5 | 0.6 | 4.5 | 0.7 | 5.5 | 2.2 |
| *जिसमें शामिल हैं:* पेट्रोल | 5.7 | 5.0 | 9.2 | 6.8 | 5.9 | 5.5 | 8.0 | 7.4 | 2.6 | 7.1 | 6.1 | 6.1 | 7.6 |
| डीजल | 0.9 | 4.2 | 2.1 | 1.5 | 2.4 | 1.2 | 6.5 | -0.3 | 4.8 | 5.2 | 3.3 | 4.3 | 8.0 |
| एविएशन टरबाइन ईंधन | 5.7 | 3.9 | 4.4 | 3.3 | -2.3 | -2.9 | -0.8 | 2.1 | 5.4 | 0.3 | 5.5 | 4.0 | 0.7 |
| डिजिटल भुगतान – मात्रा* | | 30.0 | 29.2 | 28.3 | 30.9 | 31.1 | 28.1 | 21.5 | 30.2 | 26.8 | 22.3 | 23.5 | 18.5 |
| डिजिटल भुगतान – मूल्य* | | 18.4 | 12.6 | 17.4 | 16.6 | 5.3 | 13.4 | 8.8 | 14.7 | 15.2 | 11.5 | 17.9 | 12.8 |

<<<<<< संकुचन------------------------------------------------- विस्तार >>>>>>

**टिप्पणियां :**
1. सभी संकेतकों के लिए वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (प्रतिशत में) की गणना की गई है।
2. हीट-मैप अप्रैल 2023 से लेकर उस नवीनतम माह तक के आंकड़ों पर लागू किया गया है, जिनके लिए डेटा उपलब्ध है।
3. डिजिटल भुगतान के लिए, हीट-मैप अप्रैल 2024 से लेकर उस नवीनतम माह तक के आंकड़ों पर लागू किया गया है, जिनके लिए डेटा उपलब्ध है।
4. *मार्च 2026 के लिए डिजिटल भुगतान का डेटा अनंतिम है, क्योंकि कार्ड भुगतान से संबंधित आंकड़ों में संशोधन संभव है।
5. हीट-मैप प्रत्येक संकेतक के लिए डेटा की सीमा को एक रंग ग्रेडिएंट योजना में अनुवाद करता है, जिसमें लाल रंग संबंधित डेटा श्रृंखला के न्यूनतम मानों को दर्शाता है और हरा रंग उच्चतम मानों के अनुरूप होता है।

**स्रोत:** माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन); आरबीआई; केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए); भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई); और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार।

[6] आरबीआई के भविष्योन्मुखी सर्वेक्षणों के परिणाम, अप्रैल 2026

[7] सकल जीएसटी राजस्व में तीन घटक शामिल हैं - आईजीएसटी, सीजीएसटी और एसजीएसटी। भारत का जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने की तुलना में मार्च में बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

[8] वार्षिक पास उपयोगकर्ताओं को एक निश्चित शुल्क पर एक वर्ष के लिए 200 यात्राएं करने या यात्रा करने की अनुमति देता है, जिससे प्लाजा में प्रति ट्रिप टोल राजस्व कम हो जाता है।

**सारणी III.2: मांग की स्थितियां सुदृढ़ बनी रहीं**

| | संकेतक | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला-25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी मांग | घरेलू हवाई यात्री यातायात | 9.9 | 9.7 | 2.6 | 3.7 | -2.5 | -0.5 | -2.5 | 3.5 | 7.0 | -4.9 | 3.1 | -0.1 | -1.5 |
| | खुदरा यात्री वाहन बिक्री | 6.3 | 1.6 | -3.1 | 2.5 | -0.8 | 0.9 | 5.8 | 10.7 | 20.4 | 26.6 | 7.2 | 26.1 | 21.5 |
| ग्रामीण मांग | खुदरा ऑटोमोबाइल बिक्री | | 2.9 | 5.4 | 4.8 | -4.3 | 2.8 | 5.2 | 40.5 | 2.1 | 14.6 | 17.6 | 25.6 | 25.3 |
| | खुदरा ट्रैक्टर बिक्री | | 7.6 | 2.8 | 8.7 | 11.0 | 30.1 | 3.6 | 14.2 | 56.5 | 15.8 | 22.9 | 36.4 | 10.9 |
| | खुदरा दो-पहिया वाहन बिक्री | -1.8 | 2.3 | 7.3 | 4.7 | -6.5 | 2.2 | 6.5 | 51.8 | -3.1 | 9.5 | 20.8 | 25.0 | 28.7 |

<<<<<< संकुचन------------------------------------------------- विस्तार >>>>>>

**टिप्पणियां:** 1. सभी संकेतकों के लिए वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (प्रतिशत में) की गणना की गई है।
2. हीट-मैप अप्रैल 2023 से लेकर उस नवीनतम माह तक के आंकड़ों पर लागू किया गया है, जिनके लिए डेटा उपलब्ध है।
3. हीट-मैप प्रत्येक संकेतक के लिए डेटा की सीमा को एक रंग ग्रेडिएंट योजना में अनुवाद करता है, जिसमें लाल रंग संबंधित डेटा श्रृंखला के न्यूनतम मानों को दर्शाता है और हरा रंग उच्चतम मानों के अनुरूप होता है।
4. खुदरा ऑटोमोबाइल बिक्री के आंकड़ों में दो पहिया वाहनों, तीन पहिया वाहनों, यात्री वाहनों, ट्रैक्टरों और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री शामिल है।
5. मार्च 2026 के लिए घरेलू हवाई यात्री यातायात की वृद्धि दर की गणना दैनिक आंकड़ों को एकत्रित करके की गई है।

**स्रोत:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण; फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (एफएडीए); और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने मार्च में मांग में सुदृढ़ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाहनों की बिक्री में वृद्धि जीएसटी के बाद की गति से समर्थित मजबूत खुदरा मांग से प्रेरित थी। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की मांग में वृद्धि, विशेष रूप से दोपहिया खंड में, ने भी समग्र गति में योगदान दिया (सारणी III.2)।

2024 की तुलना में 2025 के दौरान श्रम बाजार की स्थितियों में सुधार हुआ।[9] अखिल भारतीय बेरोजगारी दर (सामान्य स्थिति के आधार पर) 2024 में 3.2 प्रतिशत से घटकर 2025 में 3.1 प्रतिशत हो गई, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कमी देखी गई। इसके अलावा, शहरी क्षेत्रों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में वृद्धि के साथ-साथ श्रम बल भागीदारी दर में स्थिरीकरण देखा गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में दोनों मापदंडों में गिरावट देखी गई। रोजगार की गुणवत्ता में सुधार देखा गया, जिसमें नियत मजदूरी/वेतनभोगी श्रमिकों का अनुपात बढ़ा; यह औपचारिक रोजगार की ओर हुए बदलाव को दर्शाता है। क्षेत्रीय वियोजन से पता चलता है कि कुल रोजगार में कृषि का हिस्सा घटता रहा, जबकि विनिर्माण और अन्य सेवाओं—जिनमें व्यापार और वित्तीय सेवाएं, आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन शामिल हैं—का हिस्सा बढ़ा।

9 आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक रिपोर्ट 2025।

मार्च में, चालू साप्ताहिक स्थिति द्वारा मापे गए अखिल भारतीय बेरोजगारी दर में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वृद्धि देखी गई[10]। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बल भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में गिरावट आई, जबकि वे शहरी क्षेत्रों में मोटे तौर पर स्थिर रहे। मार्च 2026 में विनिर्माण और सेवाओं के लिए पीएमआई रोजगार क्रमशः सात महीने और नौ महीने के शिखर पर पहुंच गया। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स ने हॉस्पिटैलिटी, बीपीओ/आईटीईएस और शिक्षा के नेतृत्व में व्हाइट-कॉलर भर्तियों में भी मजबूत वृद्धि दिखाई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत काम की मांग में लगातार नौवें महीने गिरावट जारी रही, जो ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार के अवसरों की उपलब्धता को दर्शाता है (सारणी III.3)।

अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान, संशोधित अनुमानों (आरई) के प्रतिशत के रूप में केंद्र के सभी प्रमुख घाटा संकेतक पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कम रहे (चार्ट III.1ए)। घटते राजकोषीय घाटे का कारण कर राजस्व में वृद्धि और राजस्व व्यय में मामूली वृद्धि थी।[11] निवल कर राजस्व में वृद्धि मुख्य रूप

10 पीएलएफएस मासिक बुलेटिन मार्च 2026।

11 अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान, निवल कर राजस्व और राजस्व व्यय में क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में क्रमशः 9.0 प्रतिशत और 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## सारणी III.3: रोज़गार से संबंधित उच्च आवृत्ति वाले संकेतक स्थिर बने रहे

| संकेतक | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला-25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेरोजगारी दर (पीएलएफएस: अखिल भारत) | | 5.1 | 5.6 | 5.6 | 5.2 | 5.1 | 5.2 | 5.2 | 4.7 | 4.8 | 5.0 | 4.9 | 5.1 |
| बेरोजगारी दर (पीएलएफएस: ग्रामीण) | | 4.5 | 5.1 | 4.9 | 4.4 | 4.3 | 4.6 | 4.4 | 3.9 | 3.9 | 4.2 | 4.2 | 4.3 |
| बेरोजगारी दर (पीएलएफएस: शहरी) | | 6.5 | 6.9 | 7.1 | 7.2 | 6.7 | 6.8 | 7.0 | 6.5 | 6.7 | 7.0 | 6.6 | 6.8 |
| नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स | -1.5 | 8.9 | 0.3 | 10.5 | 6.8 | 3.4 | 10.1 | -9.3 | 23.5 | 13.2 | 3.4 | 11.9 | 9.2 |
| पीएमआई रोज़गार: विनिर्माण | 53.4 | 54.2 | 54.9 | 55.1 | 53.3 | 53.1 | 52.1 | 52.4 | 50.9 | 50.5 | 51.1 | 51.5 | 52.6 |
| पीएमआई रोज़गार: सेवाएं | 52.5 | 53.9 | 57.1 | 55.1 | 51.4 | 52.2 | 51.9 | 51.4 | 51.6 | 49.8 | 50.8 | 51.6 | 52.7 |
| मनरेगा(एमजीएनआरईजीएस) : कार्य मांग | 2.2 | -6.5 | 4.4 | 4.4 | -12.3 | -26.2 | -27.1 | -35.1 | -32.0 | -28.9 | -25.7 | -14.1 | -23.2 |

<<<<<< संकुचन------------------------------------------------- विस्तार >>>>>>

टिप्पणियां: 1. सभी पीएलएफएस संकेतक चालू साप्ताहिक स्थिति को दर्शाते हैं और ये 15 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए हैं।
2. नौकरी सूचकांक और मनरेगा के तहत कार्य मांग के लिए वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (प्रतिशत में) की गणना की गई है।
3. हीटमैप अप्रैल 2023 से मार्च 2026 तक के आंकड़ों पर लागू किया गया है।
4. हीटमैप प्रत्येक संकेतक के लिए आंकड़ों की सीमा को एक रंग ढाल योजना में परिवर्तित करता है, जिसमें लाल रंग न्यूनतम मानों को और हरा रंग संबंधित आंकड़ा श्रृंखला के उच्चतम मानों को दर्शाता है।
5. सभी पीएमआई मान सूचकांक के रूप में रिपोर्ट किए गए हैं। 50 से अधिक का पीएमआई मान विस्तार को, 50 से कम का मान संकुचन को और 50 के बराबर का मान 'कोई बदलाव नहीं' को दर्शाता है। पीएमआई हीटमैप में, लाल रंग प्रत्येक पीएमआई श्रृंखला में न्यूनतम मान को, पीला रंग 50 (या कोई बदलाव नहीं वाला मान) को, और हरा रंग उच्चतम मान को दर्शाता है।
6. मनरेगा को व्युत्क्रम पैमाने में दिखाया गया है - न्यूनतम मान को हरे रंग से और उच्चतम मान को लाल रंग से चिह्नित किया गया है।

**स्रोत:** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार; इन्फो एज; और एस एंड पी ग्लोबल।

से निगम कर, सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दोहरे अंकों की वृद्धि द्वारा संचालित थी।[12] पूंजीगत व्यय में मजबूत वृद्धि दर्ज करना जारी रहा, जो व्यय की गुणवत्ता में सुधार पर सरकार के जोर को दर्शाता है।[13]

राज्यों के घाटा संकेतक अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान, वित्तीय वर्ष के बजट अनुमानों के अनुपात के रूप में, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में उच्च थे (चार्ट III.1बी)। उच्च घाटा मुख्य रूप से बजट अनुमानों की तुलना में राजस्व प्राप्तियों

## चार्ट III.1: सरकारी घाटे के संकेतक (अप्रैल – फरवरी)




**टिप्पणी:** आंकड़े 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित हैं।
**स्रोत:** महालेखा नियंत्रक (सीजीए); भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक; और केंद्रीय बजट दस्तावेज़।

[12] अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान, निगम कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में क्रमशः 12.4, 11.3 और 18.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में क्रमशः 1.9, (-)1.4 और 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

[13] अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान पूंजीगत व्यय में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 0.8 प्रतिशत थी।

में कमी द्वारा संचालित था। राजस्व प्राप्तियों के भीतर, राज्यों के वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में वृद्धि धीमी हुई, जबकि राज्य उत्पाद शुल्क और स्टाम्प शुल्क मजबूत रहे। व्यय की ओर, राज्यों के राजस्व व्यय में वृद्धि धीमी हुई, जबकि पूंजीगत व्यय में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

### व्यापार

2025-26 के दौरान, वस्तु व्यापार घाटा पिछले वर्ष की तुलना में उच्च रहा, जो मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों, सोने और इलेक्ट्रॉनिक सामान द्वारा संचालित था।[14] इस वर्ष के दौरान वस्तु निर्यात और आयात दोनों में वृद्धि दर्ज की गई।[15] शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के बने रहने के बावजूद, 2025-26 में अमेरिका को निर्यात में विस्तार हुआ।[16] एक प्रमुख व्यापार पुनर्गठन में, चीन अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया।[17]

मार्च 2026 में, वस्तु व्यापार घाटा क्रमिक और वर्ष-दर-वर्ष दोनों आधारों पर संकुचित हुआ (चार्ट III.2)। माह-दर-माह आधार पर, निर्यात में विस्तार हुआ जबकि आयात में संकुचन दर्ज किया गया। हालाँकि, वर्ष-दर-वर्ष आधार पर, निर्यात और आयात दोनों में गिरावट आई, जिसमें निर्यात में हुई गिरावट आयात की तुलना में अधिक थी। जबकि निर्यात में गिरावट (वर्ष-दर-वर्ष) अपेक्षाकृत व्यापक आधार वाली थी, वहीं आयात में गिरावट (वर्ष-दर-वर्ष) मुख्य रूप से पेट्रोलियम आयात में दोहरे अंकों की कमी से संचालित थी।[18] सोने के आयात में भी संकुचन देखा गया, जो

**चार्ट III.2: भारत का वस्तु व्यापार घाटा कम हुआ**




**स्रोत:** पीआईबी; और डीजीसीआई एंड एस।

[14] 2025-26 में वस्तु व्यापार घाटा 333.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2024-25 में 283.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

[15] वर्ष 2025-26 में 30 प्रमुख वस्तुओं में से 14 (2025-26 में निर्यात बास्केट का 54.0 प्रतिशत हिस्सा) और 30 प्रमुख वस्तुओं में से 20 (2025-26 में आयात बास्केट का 60.9 प्रतिशत हिस्सा) में विस्तार दर्ज किया गया।

[16] अमेरिका को निर्यात 2025-26 में 0.9 प्रतिशत बढ़ा, जो 2024-25 में 11.6 प्रतिशत से कम था।

[17] वर्ष 2025-26 में चीन और अमेरिका के साथ भारत का कुल पण्य व्यापार क्रमशः 151.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 140.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। अमेरिका 2021-22 से 2024-25 के दौरान सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। चीन के साथ पण्य व्यापार घाटा 2024-25 में 99.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 112.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

[18] पण्य व्यापार घाटा मार्च 2025 में 21.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर और फरवरी 2026 में 27.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम होकर मार्च 2026 में 20.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। मार्च 2026 में पण्य निर्यात 38.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था [7.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की कमी], हालांकि, फरवरी 2026 में 36.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, रत्न और आभूषण, रेडीमेड वस्त्र, चावल, और प्लास्टिक तथा लिनोलियम जैसे प्रमुख क्षेत्रों के कारण निर्यात में गिरावट हुई, जबकि पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, अभ्रक, कोयला, अन्य अयस्क और खनिज; अन्य अनाज, और हस्तनिर्मित कालीन को छोड़कर हस्तशिल्प ने निर्यात को बढ़ाया। अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात और नीदरलैंड सहित अनुबंधित शीर्ष 20 प्रमुख गंतव्यों में से 10 को निर्यात में गिरावट हुआ, जबकि चीन, सिंगापुर और जर्मनी में बढ़ोतरी हुआ है। मार्च 2026 में पण्य आयात 59.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा [वर्ष-दर-वर्ष और अनुक्रमिक आधार दोनों पर 6.5 प्रतिशत का संकुचन]। कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद; सोना; परिवहन उपकरण; मोती, कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर; और लोहा तथा इस्पात के कारण आयात में गिरावट आई, जबकि इलेक्ट्रॉनिक सामान, मशीनरी-इलेक्ट्रिकल और गैर-इलेक्ट्रिकल; चांदी, कोयला, कोक और ब्रिकेट; तथा वनस्पति तेल ने महीने के दौरान आयात में सकारात्मक योगदान दिया। संयुक्त अरब अमीरात, रूस और सऊदी अरब सहित 20 प्रमुख गंतव्यों में से 8 से आयात में गिरावट हुआ, जबकि चीन, अमेरिका और हांगकांग से विस्तार हुआ।

चल रही भू-राजनीतिक तनावों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट के कारण हुआ।[19]

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने व्यापार को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया, क्योंकि भारत खाड़ी शिपिंग मार्गों पर भारी रूप से निर्भर है। इस संघर्ष के कारण मार्च में पश्चिम एशिया से निर्यात और आयात में औसतन 54 प्रतिशत की गिरावट आई।[20] रूस से आयात में क्रमिक वृद्धि देखी गई।[21]

फरवरी में निवल सेवा निर्यात में वृद्धि धीमी हुई, जिसमें निर्यात की तुलना में आयात तेजी से बढ़ा (चार्ट III.3)।[22] व्यापार, सॉफ्टवेयर और यात्रा सेवाओं के दोनों निर्यात और आयात में वृद्धि देखी गई।

## कुल आपूर्ति

*कृषि*

ग्रीष्मकालीन (ज़ायद) मौसम में बुवाई पिछले वर्ष की तुलना में मामूली रूप से अधिक रही है। पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद निविष्टि आपूर्तियों को लेकर चिंताओं के बीच, चावल के क्षेत्रफल में आई तेज गिरावट की भरपाई दलहन, मोटे अनाज और तिलहन के बढ़े हुए क्षेत्रफल से हुई है (चार्ट III.4)।[23]

*औद्योगिक गतिविधि के मासिक संकेतक*

फरवरी में, विनिर्माण और पूंजीगत वस्तुओं में मजबूती के कारण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन के रूप में मापी गई औद्योगिक गतिविधि में वृद्धि दर में थोड़ी वृद्धि हुई। निवेश से जुड़े खंडों में लगातार मजबूती देखी गई, जिसमें बुनियादी ढांचे और निर्माण संबंधी वस्तुएं सबसे प्रमुख योगदानकर्ता बनी रहीं। मार्च में आठ कोर उद्योगों का सूचकांक संकुचित हुआ, जो 19 महीने का निचला स्तर है, और यह मुख्य रूप से उर्वरकों, कच्चे तेल, कोयले और बिजली के उत्पादन में गिरावट के कारण हुआ।

मार्च माह में औद्योगिक गतिविधियों के उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गति में मंदी की ओर संकेत किया। नए आदेशों और उत्पादन वृद्धि में धीमी

**चार्ट III.3: फरवरी में सकल सेवा निर्यात वृद्धि में मंदी**

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत में)*




**स्रोत:** आरबीआई।

**चार्ट III.4: साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन *(ज़ायद)* बुवाई अब तक अधिक**

*(लाख हेक्टेयर)*




**टिप्पणी :** साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन (ज़ायद) बुवाई का डेटा 10 अप्रैल तक का है।
**स्रोत :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय।

[19] मार्च 2026 में सोने के आयात में 31.6 प्रतिशत (y-o-y) की गिरावट आई।

[20] शीर्ष 20 निर्यात गंतव्यों में से, मार्च 2026 के लिए दो पश्चिम एशियाई देशों; संयुक्त अरब अमीरात (-61.9 प्रतिशत y-o-y), और सऊदी अरब (-45.7 प्रतिशत y-o-y) के लिए निर्यात वृद्धि पर डेटा उपलब्ध हैं। शीर्ष 20 आयात भागीदारों में, मार्च 2026 के लिए चार पश्चिम एशियाई देशों -संयुक्त अरब अमीरात (-66.3 प्रतिशत साल-दर-साल), सऊदी अरब (-37.3 प्रतिशत साल-दर-साल), इराक (-64.3 प्रतिशत साल-दर-साल), और कतर (-47.9 प्रतिशत साल-दर-साल) के लिए आयात वृद्धि पर डेटा उपलब्ध है।

[21] मार्च 2026 में रूस से आयात में क्रमिक रूप से 25.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

[22] सेवाओं का निवल निर्यात फरवरी 2025 में 17.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर फरवरी 2026 में 17.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल 2025 - फरवरी 2026 के दौरान, संचयी सेवाओं का निवल निर्यात पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 170.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 195.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

[23] ग्रीष्मकालीन फसलों के तहत बोया गया क्षेत्र (10 अप्रैल, 2026 तक) 64.1 लाख हेक्टेयर है, जो पूरे मौसम के लिए सामान्य रकबे का 85.1 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.2 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, चावल (प्रमुख ग्रीष्मकालीन फसल) के तहत क्षेत्र पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 प्रतिशत कम है।

गति आने के कारण विनिर्माण पीएमआई जून 2022 के बाद अपने निम्नतम स्तर पर आ गया। हालांकि, प्रमुख खंडों में ऑटोमोबाइल उत्पादन मजबूत वृद्धि दर्ज करता रहा (सारणी III.4)।

भारत जलवायु सुदृढ़ता की दिशा में प्रगति कर रहा है। मार्च में, सरकार ने उत्सर्जन में कमी, गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बढ़ी हुई विद्युत शक्ति क्षमता और कार्बन सिंक को बढ़ावा देने के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को अद्यतन किया है।[24] भारत ने अद्यतन एनडीसी लक्ष्यों की व्यवहार्यता को मान्य करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। यह कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है और गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 53 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया है (चार्ट III.5)।[25] नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के निरंतर विस्तार, ग्रिड एकीकरण और पूरक जलवायु कार्यों के माध्यम से इस गति को बनाए रखना अद्यतन प्रतिबद्धताओं को विश्वसनीय परिणामों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है।

*सेवा गतिविधि के मासिक संकेतक*

भारत के सेवा क्षेत्र ने मार्च में कुछ गिरावट दिखाई, जबकि सेवाओं पीएमआई में निरंतर विस्तार प्रदर्शित किया। जबकि नए निर्यात आदेशों के नेतृत्व में मांग सुदृढ़ बनी रही, उत्पादन पश्चिम

**सारणी III.4: उद्योग के लिए उच्च आवृत्ति संकेतक मंद पड़े**

| संकेतक | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला-25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आईआईपी-शीर्षक स्तर | 3.9 | 2.6 | 1.9 | 1.5 | 4.3 | 4.1 | 4.6 | 0.5 | 7.2 | 8.0 | 5.1 | 5.2 | |
| आईआईपी-विनिर्माण | 4.0 | 3.1 | 3.2 | 3.7 | 6.0 | 3.8 | 5.6 | 2.0 | 8.5 | 8.4 | 5.3 | 6.0 | |
| आईआईपी-पूंजीगत वस्तुएं | 3.6 | 14.0 | 13.3 | 3.0 | 6.8 | 4.5 | 5.4 | 2.1 | 10.1 | 8.3 | 4.1 | 12.5 | |
| पीएमआई-विनिर्माण | 58.1 | 58.2 | 57.6 | 58.4 | 59.1 | 59.3 | 57.7 | 59.2 | 56.6 | 55.0 | 55.4 | 56.9 | 53.9 |
| पीएमआई-निर्यात आदेश | 54.9 | 57.6 | 56.9 | 60.6 | 57.3 | 56.1 | 56.5 | 54.7 | 54.1 | 54.0 | 54.1 | 53.2 | 55 |
| पीएमआई-विनिर्माण: भावी उत्पादन | 64.4 | 64.6 | 63.1 | 62.2 | 57.6 | 60.5 | 64.8 | 62.3 | 57.1 | 56.9 | 56.4 | 57.9 | 67.3 |
| आठ कोर उद्योगों का सूचकांक | 4.5 | 1.0 | 1.2 | 2.2 | 3.7 | 6.5 | 3.3 | -0.1 | 2.1 | 4.7 | 4.7 | 2.8 | -0.4 |
| बिजली उत्पादन: पारंपरिक | 4.8 | -1.8 | -8.2 | -6.1 | -0.8 | 1.0 | 0.8 | -10.6 | -5.0 | 4.4 | 2.2 | -1.6 | -1.2 |
| बिजली उत्पादन: नवीकरणीय | 25.2 | 28.0 | 18.2 | 28.7 | 26.4 | 22.7 | 16.4 | 21.4 | 22.9 | 18.0 | 22.9 | 25.3 | |
| ऑटोमोबाइल उत्पादन | 6.5 | -1.7 | 5.2 | 1.2 | 10.7 | 8.1 | 10.8 | -2.8 | 22.3 | 37.1 | 15.0 | 22.1 | 20.2 |
| यात्री वाहन उत्पादन | 11.2 | 10.8 | 5.4 | -1.8 | 0.1 | -4.1 | 16.1 | 9.8 | 22.8 | 23.1 | 5.6 | 9.8 | 9.0 |
| ट्रैक्टर उत्पादन | 18.5 | 20.5 | 9.1 | 9.8 | 11.5 | 9.4 | 23.0 | 13.0 | 37.5 | 57.9 | 14.6 | 80.0 | 28.6 |
| दोपहिया वाहन उत्पादन | 5.6 | -4.1 | 4.7 | 1.4 | 12.3 | 10.0 | 9.8 | -5.6 | 20.9 | 39.9 | 16.1 | 24.4 | 22.0 |
| तीपहिया वाहन उत्पादन | 6.0 | 4.1 | 16.9 | 8.6 | 24.0 | 15.8 | 15.9 | 15.9 | 55.4 | 39.6 | 33.2 | 29.9 | 34.0 |
| कच्चा इस्पात उत्पादन | 8.5 | 9.3 | 11.0 | 12.6 | 13.8 | 12.8 | 13.7 | 8.9 | 11.1 | 10.8 | 10.5 | 10.2 | 3.8 |
| तैयार इस्पात उत्पादन | 10.0 | 6.6 | 7.0 | 10.9 | 13.8 | 13.8 | 14.0 | 7.2 | 12.4 | 10.9 | 11.0 | 8.0 | 1.2 |
| पूंजीगत वस्तुओं का आयात | 8.6 | 24.5 | 15.7 | 3.4 | 13.3 | 0.2 | 12.7 | 8.5 | 12.8 | 13.0 | 7.1 | 19.7 | 11.7 |

<<<<<< संकुचन-------------------------------------------------- विस्तार >>>>>>

**टिप्पणियां:**
1. सभी संकेतकों (पीएमआई को छोड़कर) के लिए वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (प्रतिशत में) की गणना की गई है।
2. हीट-मैप प्रत्येक संकेतक के लिए डेटा श्रृंखला को एक रंग ग्रेडिएंट योजना में अनुवाद करता है, जिसमें लाल रंग संबंधित डेटा श्रृंखला के न्यूनतम मानों को और हरा रंग उच्चतम मानों को दर्शाता है।
3. हीट-मैप अप्रैल 2023 से लेकर उस नवीनतम माह तक के डेटा पर लागू किया गया है जिसके लिए डेटा उपलब्ध है।
4. सभी पीएमआई मान सूचकांक के रूप में रिपोर्ट किए गए हैं। 50 से अधिक का पीएमआई मान विस्तार को, 50 से कम का मान संकुचन को और 50 के बराबर का मान 'कोई बदलाव नहीं' को दर्शाता है। पीएमआई हीट-मैप में, लाल रंग प्रत्येक पीएमआई श्रृंखला में न्यूनतम मान को, पीला रंग 50 (या कोई बदलाव नहीं वाले मान) को, और हरा रंग उच्चतम मान को दर्शाता है।

**स्रोत :** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई); एस एंड पी ग्लोबल; केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), बिजली मंत्रालय; सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम); आर्थिक सलाहकार कार्यालय, भारत सरकार; संयुक्त संयंत्र समिति; वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय; और ट्रैक्टर और मैकेनाइजेशन एसोसिएशन।

[24] एनडीसी में किए गए तीन प्रमुख संशोधनों में 2005 के स्तर से 2035 तक सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 47 प्रतिशत की कमी, 2035 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 60 प्रतिशत विद्युत शक्ति संस्थापित क्षमता प्राप्त करना और 2005 के स्तर से 2035 तक वन कार्बन सिंक को 35-40 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर बढ़ाना और वृक्षों के आवरण को बढ़ाना शामिल है।

[25] आईआरईएनए (2026), नवीकरणीय क्षमता सांख्यिकी 2026, अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी।

**चार्ट III.5: कुल स्थापित क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन की बढ़ती हिस्सेदारी**

*(प्रतिशत में)*




**स्रोत:** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण।

एशिया संघर्ष के प्रभाव से बाधित था। बुनियादी ढांचे से संबंधित वस्तुओं की आवाजाही और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के उच्च स्तर के समर्थन से खुदरा वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण व्यापार में व्यवधान के कारण पोर्ट कार्गो में नरमी रही। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के व्यापक रद्दीकरण और व्यवधानों के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में तेज गिरावट देखी गई (सारणी III.5)।

**सारणी III.5: सेवा क्षेत्र के लिए उच्च आवृत्ति संकेतक मंद पड़े**

| संकेतक | मार्च-25 | अप्रै-25 | मई-25 | जून-25 | जुला -25 | अग-25 | सितं-25 | अक्टू-25 | नवं-25 | दिसं-25 | जन-26 | फर-26 | मार्च-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पीएमआई सेवाएं | 58.5 | 58.7 | 58.8 | 60.4 | 60.5 | 62.9 | 60.9 | 58.9 | 59.8 | 58.0 | 58.5 | 58.1 | 57.5 |
| अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात | 6.8 | 13.0 | 5.0 | 3.4 | 5.5 | 7.7 | 7.3 | 9.7 | 7.5 | 6.0 | 7.1 | 3.0 | -17.8 |
| घरेलू हवाई कार्गो | 4.9 | 16.6 | 2.3 | 2.6 | 4.8 | 7.1 | 2.8 | -2.3 | 20.5 | 4.3 | 8.7 | 18.5 | |
| अंतरराष्ट्रीय हवाई कार्गो | 3.3 | 8.6 | 6.8 | -1.2 | 4.2 | 4.5 | 2.3 | -2.3 | 12.7 | 12.6 | 8.4 | 17.5 | |
| बंदरगाह कार्गो यातायात | 13.3 | 7.0 | 4.3 | 5.6 | 4.0 | 2.5 | 11.5 | 11.9 | 14.5 | 12.8 | 7.6 | 5.1 | 0.7 |
| खुदरा वाणिज्यिक वाहन बिक्री | 2.7 | -1.0 | -3.7 | 6.6 | 0.2 | 8.6 | 2.7 | 21.1 | 17.0 | 24.6 | 15.1 | 28.9 | 15.1 |
| इस्पात खपत | 13.3 | 6.0 | 8.1 | 9.3 | 7.3 | 10.0 | 8.9 | 2.4 | 6.0 | 5.4 | 4.9 | 10.9 | 10.6 |
| सीमेंट उत्पादन | 12.2 | 6.3 | 9.7 | 8.2 | 11.6 | 5.4 | 5.0 | 5.2 | 14.6 | 13.7 | 11.3 | 9.3 | |

<<<<<< संकुचन------------------------------------------------ विस्तार >>>>>>

**टिप्पणियां:**
1. सभी संकेतकों (पीएमआई को छोड़कर) के लिए वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (प्रतिशत में) की गणना की गई है।
2. हीटमैप प्रत्येक संकेतक के लिए डेटा श्रृंखला को एक रंग ग्रेडियेंट योजना में अनुवाद करता है, जिसमें लाल रंग संबंधित डेटा श्रृंखला के न्यूनतम मानों को दर्शाता है और हरा रंग उच्चतम मानों को दर्शाता है।
3. हीटमैप अप्रैल 2023 से लेकर उस नवीनतम महीने तक के डेटा पर लागू किया गया है जिसके लिए डेटा उपलब्ध है।
4. सभी पीएमआई मान सूचकांक रूप में रिपोर्ट किए गए हैं। 50 से अधिक का पीएमआई मान विस्तार को दर्शाता है, 50 से कम संकुचन को दर्शाता है, और 50 के बराबर 'कोई बदलाव नहीं' को दर्शाता है। पीएमआई हीटमैप में, लाल रंग प्रत्येक पीएमआई श्रृंखला में न्यूनतम मान को दर्शाता है, पीला रंग 50 (या कोई बदलाव नहीं वाला मान) को दर्शाता है, और हरा रंग उच्चतम मान को दर्शाता है।
5. मार्च 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात पर डेटा की वृद्धि दर की गणना दैनिक डेटा को एकत्रित करके की गई है।

**स्रोत** : ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन महासंघ (एफएडीए); भारतीय बंदरगाह संघ; भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण; संयुक्त संयंत्र समिति; आर्थिक सलाहकार कार्यालय; और एस एंड पी ग्लोबल।

## मुद्रास्फीति

सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति[26] फरवरी में 3.2 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 3.4 प्रतिशत हो गई, जो मुख्यतः खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति[27] में वृद्धि के कारण हुई। कोर मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई[28]) स्थिर बनी रही, जो अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबावों के व्यापक नियंत्रण को दर्शाती है। कीमती धातुएं मुख्य मुद्रास्फीति का एक प्रमुख चालक बनी रहीं। कीमती धातुओं को छोड़कर मुख्य मुद्रास्फीति भी मध्यम स्तर पर स्थिर रही। एलपीजी की कीमतों में वृद्धि के कारण सीपीआई ईंधन मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई, जो आंशिक रूप से अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि को दर्शाती है (चार्ट III.6)।

बारह में से सात प्रभागों में मुद्रास्फीति दर में क्रमिक वृद्धि देखी गई (चार्ट III.7)। तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू होने और 01 फरवरी, 2026 से संशोधित जीएसटी दर संरचना के बाद 'पान, तंबाकू और नशीले पदार्थ' प्रभाग में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर्ज की गई। 'व्यक्तिगत देखभाल, सामाजिक सुरक्षा और विविध वस्तुओं एवं सेवाओं' वर्ग में मुद्रास्फीति, बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी आने के बावजूद, सर्वोच्च बनी रही।

मार्च 2026 में खाद्य मुद्रास्फीति सकारात्मक गति और प्रतिकूल आधार प्रभाव दोनों से प्रेरित थी। मांस और मछली, फल और मेवे, और तेल और वसा ने उच्च कीमतों में योगदान दिया।

स्थानिक वितरण के संदर्भ में, मार्च में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मुद्रास्फीति बढ़ गई। कुल मिलाकर, मुद्रास्फीति 0.7 प्रतिशत से 5.8 प्रतिशत तक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखी गई। हालांकि, अधिकांश राज्यों में मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे रही (चार्ट III.8)।

**चार्ट III.6: मार्च में समग्र सीपीआई मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि**




**टिप्पणी:** 1. कोष्ठक में दी गई संख्याएं समग्र सीपीआई श्रृंखला (2024=100) में भार को दर्शाती हैं।
2. #: कीमती आभूषणों में 'सोने/हीरे/प्लैटिनम के आभूषण' और 'चांदी के आभूषण' शामिल हैं।

**स्रोत:** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।

[26] राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 13 अप्रैल, 2026 को जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार।

[27] माह दर माह आधार पर, मार्च में समग्र सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और सभी तीन घटकों, अर्थात् खाद्य और पेय पदार्थ, ईंधन और कोर (खाद्य और ईंधन को छोड़कर) में वृद्धि दर्ज की गई।

[28] ईंधन समूह 'बिजली, गैस और अन्य ईंधन' और एक वर्ग, 'व्यक्तिगत परिवहन उपकरण के लिए ईंधन और स्नेहक' [जिसमें डीजल, पेट्रोल और अन्य प्राकृतिक गैस (संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) शामिल हैं) का प्रतिनिधित्व करता है]। अधिक जानकारी के लिए मौद्रिक नीति रिपोर्ट, अप्रैल 2026 के मूल्य और लागत अध्याय में बॉक्स IV.2 देखें।

### चार्ट III.7: प्रभाग-वार मुद्रास्फीति दरों में परिवर्तन

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत में)*




**स्रोत:** एनएसओ; और आरबीआई स्टाफ की गणनाएं।

16 अप्रैल तक के उच्च-आवृत्ति वाले आंकड़े चावल और गेहूं की कीमतों में नरमी की ओर संकेत करते हैं। दालों के भीतर, अरहर की कीमतों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जबकि चने की कीमतों में गिरावट आई। खाद्य तेलों की कीमतों में व्यापक वृद्धि देखी गई। अप्रैल में अब तक सभी प्रमुख सब्जियों, यथा आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में नरमी आई है (चार्ट III.9)।

### चार्ट III.8: मुद्रास्फीति का स्थानिक वितरण : मार्च 2026

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत में)*




| मुद्रास्फीति दायरा | राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या |
|---|---|
| <2 | 5 |
| 2-4 | 27 |
| 4-6 | 4 |

| मुद्रास्फीति प्रवृत्ति | राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या |
|---|---|
| गिरावट या स्थिर : | 12 |
| वृद्धि | 24 |

**टिप्पणियां :** 1. मानचित्र केवल उदाहरण प्रयोजनों के लिए है।
2. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में मुद्रास्फीति क्रमशः 3.4 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत अनुभव की गई।

**स्रोत:** एनएसओ; और आरबीआई स्टाफ की गणनाएं।

अप्रैल में (16 तारीख तक) एलपीजी की खुदरा विक्रय कीमतों में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पेट्रोल, डीजल और केरोसिन की कीमतें अपरिवर्तित रहीं (सारणी III.6)।

मार्च के पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों की कंपनियों में निविष्टि लागत के दबाव तीव्र हुए हैं। हालांकि, विनिर्माण कंपनियों द्वारा निर्धारित उत्पादन कीमतों में वृद्धि में कमी आई है, जो ग्राहकों को बनाए रखने और

### सारणी III.6: पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य

| वस्तु | इकाई | घरेलू मूल्य | | | माह-दर-माह (प्रतिशत में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रै-25 | मार्च-26 | अप्रै-26^ | मार्च-26 | अप्रै-26^ |
| पेट्रोल | ₹/लीटर | 101.0 | 101.2 | 101.2 | 0.0 | 0.0 |
| डीजल | ₹/लीटर | 90.5 | 90.5 | 90.5 | 0.0 | 0.0 |
| केरोसिन (सब्सिडी वाला) | ₹/लीटर | 43.5 | 46.8 | 46.8 | 6.2 | 0.0 |
| एलपीजी (बिना सब्सिडी वाला) | ₹/सिलेंडर | 863.3 | 911.6 | 923.3 | 5.6 | 7.0 |

^: अवधि 1-16 अप्रैल, 2026 के लिए।

**टिप्पणी:** केरोसिन को छोड़कर, कीमतें चार प्रमुख महानगरों (दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई) में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की औसत कीमतों को दर्शाती हैं। केरोसिन के लिए, कीमतें कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में सब्सिडी वाली कीमतों का औसत दर्शाती हैं।

**स्रोत:** आईओसीएल; पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी); और आरबीआई स्टाफ की गणनाएं।

**चार्ट III.9: अप्रैल में खाद्य तेलों को छोड़कर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट**




**टिप्पणी:** आंकड़े 1-16 अप्रैल, 2026 की अवधि से संबंधित हैं और पिछले महीने की संगत अवधि की तुलना में औसत कीमतों में माह-दर-माह परिवर्तन को दर्शाते हैं।
**स्रोत :** उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार; और आरबीआई स्टाफ की गणनाएं।

नए ग्राहकों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से बढ़ी प्रतियोगिता तथा नए आदेशों में आई नरमी को दर्शाती है। इसके विपरीत, सेवा क्षेत्र की कंपनियों द्वारा वसूली जाने वाली कीमतों में वृद्धि जारी रही, जिसमें घरेलू व्यवसायिक गतिविधियों में आई धीमी गति की पूर्ति अंतरराष्ट्रीय आदेशों में लगभग रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि ने की (चार्ट III.10)।

**चार्ट III.10: मार्च में इनपुट कीमतों में आई तेज़ी**




**टिप्पणी:** सूचकांक स्तर 50 का होने पर कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं दिखाता है, और 50 से ऊपर का स्तर बढ़ोतरी और इसका उल्टा दिखाता है।
**स्रोत:** एसएंडपी।

## IV. वित्तीय स्थितियां

विदेशी मुद्रा और कॉरपोरेट बॉण्ड बाजारों में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थितियों के कारण मार्च की तुलना में अप्रैल में समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ (चार्ट IV.1)।

मार्च में एक पर्याप्त अधिशेष के कारण अप्रैल माह (16 अप्रैल तक) में प्रणालीगत चलनिधि[29] में काफी सुधार हुआ (चार्ट IV.2)।[30] मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान, आरबीआई के खुले बाजार परिचालनों (ओएमओ) द्वारा समर्थित प्रणालीगत नकदी की स्थिति संतोषजनक रही।[31] हालांकि, मार्च के दूसरे पखवाड़े में कर और जीएसटी से संबंधित बहिर्वाह के कारण चलनिधि अधिशेष में कमी आई।[32] अप्रैल में चलनिधि की स्थिति में सुधार हुआ क्योंकि तेजी से सरकारी खर्च के साथ-साथ कर बहिर्वाह से उत्पन्न दबाव कम हो गया।

नकदी की स्थिति में सुधार को दर्शाते हुए, मार्च की तुलना में अप्रैल में बैंकों द्वारा स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) का उपयोग उल्लेखनीय रूप से बढ़ गया। सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) का उपयोग स्थिर रहा, जिससे पता चलता है कि दैनिक चलनिधि असंतुलन सुप्रबंधित थे।[33]

*मुद्रा बाजार*

मार्च की पहली छमाही के दौरान भारित औसत मांग दर (डब्ल्यूएसीआर) नीतिगत गलियारे के निचले आधे हिस्से में बना रहा, किन्तु बाद में यह बढ़ गया और दूसरी छमाही के दौरान रेपो रेट से ऊपर पहुँच गया, जो कर बहिर्वाह को दर्शाता है।[34]

**चार्ट IV.1: अप्रैल में वित्तीय स्थितियाँ अच्छी हुई**

*(2012 से औसत से मानक विचलन)*




**टिप्पणी:** वित्तीय स्थिति सूचकांक, सूचकांक के ऐतिहासिक औसत से मानक विचलन को मापता है।
**स्रोत:** आरबीआई स्टाफ की गणना।

29 जैसा कि चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत औसत निवल अवशोषण द्वारा मापा जाता है।

30 कुल मिलाकर, चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत दैनिक औसत निवल अवशोषण मार्च में 1.66 लाख करोड़ रुपये से अप्रैल (16 तारीख तक) के दौरान बढ़कर 4.47 लाख करोड़ रुपये हो गया।

31 रिज़र्व बैंक ने प्रणाली चलनिधि को समर्थन देने के लिए 9 मार्च और 13 मार्च को 0.5 लाख करोड़ रुपये की दो किस्तों में ओएमओ खरीद नीलामी के माध्यम से 1 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ चलनिधि डाली।

32 मार्च के दूसरे पखवाड़े के दौरान नकदी की अस्थायी तंगी को दूर करने के लिए, रिज़र्व बैंक ने एक दिवसीय से लेकर 7 दिनों तक की परिपक्वता वाली सात परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामियां कीं। आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर के साथ डब्ल्यूएसीआर को संरेखित करने के लिए अप्रैल 10, 2026 और अप्रैल 17, 2026 को दो 7-दिवसीय परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी भी की।

33 स्थायी जमा सुविधा के तहत औसत शेष अप्रैल (16 तारीख तक) के दौरान बढ़कर 4.67 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च में 3.22 लाख करोड़ रुपये था। नाममात्र की स्थायी सुविधा से अप्रैल (16 तक) के दौरान औसतन उधारी 0.01 लाख करोड़ रुपये की थी, जो मार्च में 0.02 लाख करोड़ रुपये से मामूली रूप से कम थी।

34 वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन डब्ल्यूएसीआर में तेजी से वृद्धि हुई, क्योंकि असंपार्श्विक क्षेत्रों में कारोबारी मान में सामान्य वर्ष के अंत में गिरावट आई लेकिन उसके बाद इसमें वृद्धि हुई।

**चार्ट IV.2: अप्रैल में प्रणालीगत चलनिधि में सुधार**

*(₹ लाख करोड़)*




**स्रोत:** आरबीआई।

अप्रैल (16 तारीख तक) में अधिशेष चलनिधि की स्थिति के कारण डब्ल्यूएसीआर रेपो दर से नीचे गिर गया (चार्ट IV.3ए)।[35] बेंचमार्क प्रतिभूतित एक दिवसीय रुपया दर (एसओआरआर) द्वारा मापे जाने वाले संपार्श्विक खंडों में एक दिवसीय दरें आमतौर पर असंपार्श्विक दर के साथ आगे बढ़ती हैं। अप्रैल (16 तारीख तक) में ढील से पहले मार्च की दूसरी छमाही के दौरान खजाना बिलों पर औसत प्रतिफल में वृद्धि हुई। मार्च में बढ़े रहने के बाद वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) पर प्रतिफल और जमा प्रमाणपत्रों (सीडी) पर ब्याज दर, अप्रैल में काफी कम हो गई (चार्ट IV.3 बी)।[36]

**चार्ट IV.3: डब्ल्यूएसीआर कारोबार कॉरिडोर के अंदर रहा और अप्रैल में मुद्रा बाजार दर कम रहा**




**स्रोत:** आरबीआई; और ब्लूमबर्ग।

35 अप्रैल (16 तारीख तक) के दौरान औसतन डब्ल्यूएसीआर 5.10 प्रतिशत तक कम हो गया, जो मार्च के दौरान 5.28 प्रतिशत था।

36 मार्च की तुलना में अप्रैल (16 तारीख तक) के दौरान 3 महीने के खजाना बिलों पर औसत प्रतिफल में 2 आधार अंकों (बीपीएस) की कमी आई है, जबकि एनबीएफसी द्वारा जारी 3 महीने के वाणिज्यिक पत्रों पर प्रतिफल और 3 महीने के जमा प्रमाण पत्र पर ब्याज दर में क्रमशः 59 बीपीएस और 97 बीपीएस की कमी आई है।

**चार्ट IV.4: सीज़फ़ायर की घोषणा के बाद सरकारी प्रतिभूति के प्रतिफल में कमी आई**




**स्रोत:** ब्लूमबर्ग; और वित्तीय बेंचमार्क भारत प्राइवेट लिमिटेड।

मुद्रा बाजार में औसत जोखिम प्रीमियम (3 महीने के वाणिज्यिक पत्र और 91-दिवसीय खजाना बिल पर प्रतिफल के बीच का प्रसार) कम हो गया।[37]

*सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक) बाजार*

पश्चिम एशिया संघर्ष के आरंभ होने के साथ मार्च के दौरान परिपक्वताओं में दिनांकित सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक) प्रतिफल में वृद्धि हो गई (चार्ट IV.4 ए)।[38] अप्रैल की शुरुआत में प्रतिफल में वृद्धि जारी रही, लेकिन अस्थायी युद्धविराम की घोषणा के बाद यह बहुत कम हो गई। हालांकि, प्रतिफल ने फरवरी के अंत के स्तर से अधिक कारोबार किया, जो मौजूदा अनिश्चितता को दर्शाता है (चार्ट IV.4बी)।

*कॉरपोरेट बॉण्ड बाजार*

मार्च (15 मार्च तक) की तुलना में अप्रैल में अधिकांश अवधि और रेटिंग स्पेक्ट्रम में कॉरपोरेट बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी हो गई, जबकि उनके प्रसार में कमी आई (सारणी IV.1)। फरवरी 2026 की तुलना में मार्च 2026 में नए कॉरपोरेट बॉण्ड जारी करने में

**सारणी IV.1: कॉरपोरेट बॉण्ड प्रतिफल में कमी आई**

| | ब्याज दरें (प्रतिशत) | | | स्प्रेड (आधार बिन्दु) (संबंधित जोखिम-मुक्त दर से अधिक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लिखत | मार्च 2026 | अप्रैल 2026 (15 अप्रैल तक) | अंतर (बीपीएस) | मार्च 2026 | अप्रैल 2026 (15 अप्रैल तक) | अंतर |
| 1 | 2 | 3 | (4 = 3-2) | 5 | 6 | (7 = 6-5) |
| (i) एएए (1-वर्ष) | 7.40 | 7.31 | -9 | 171 | 161 | -10 |
| (ii) एएए (3-वर्ष) | 7.36 | 7.61 | 25 | 112 | 110 | -2 |
| (iii) एएए (5 वर्ष) | 7.52 | 7.68 | 16 | 92 | 88 | -4 |
| (iv) एए (3-वर्ष) | 8.22 | 8.44 | 22 | 198 | 193 | -5 |
| (v) बीबीबी माइनस (3-वर्ष) | 11.92 | 12.14 | 22 | 567 | 563 | -4 |

**टिप्पणी:** प्रतिफल और स्प्रेड की गणना संबंधित अवधि के लिए औसत के रूप में की जाती है।
**स्रोत:** फीमडा।

[37] मार्च में 228 बीपीएस के औसत से अप्रैल में 170 बीपीएस (16 तारीख तक) तक कम हो गया.

[38] 10 साल के जी-सेक पर सामान्य प्रतिफल 30 मार्च को 7.04 प्रतिशत से घटकर 16 अप्रैल को 6.89 प्रतिशत रह गई। 27 फरवरी को प्रतिफल 6.66 प्रतिशत थी।

वृद्धि हुई। हालांकि, संचयी आधार पर, पिछले वर्ष की तुलना में चालू वित्त वर्ष में कुल निर्गम कम रहे हैं।[39]

निधि और ऋण

मार्च 2026 के दौरान, आरक्षित निधि (सीआरआर के लिए समायोजित) ने अपने उच्च विकास पथ को बनाए रखा और प्रचलन में मुद्रा का मजबूत गति से विस्तार हुआ।[40] मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि भी उच्च रही (चार्ट IV.5)।[41]

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के ऋण और जमा वृद्धि में मार्च के दौरान वृद्धि हुई, जिसमें 2025-26 की दूसरी छमाही (चार्ट IV.6) के बाद से जमा की तुलना में ऋण में वृद्धि हुई।[42]

बैंक ऋण के साथ-साथ, गैर-बैंक स्रोतों से वित्त का भी 2025-26 (31 मार्च तक) विस्तार हुआ। वाणिज्यिक क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों का कुल प्रवाह एक वर्ष पहले के 32.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 44.7 लाख करोड़ रुपये हो गया (सारणी IV.2ए)। वर्ष के दौरान गैर-बैंक स्रोतों - कारपोरेट बॉण्ड जारी करने और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश[43] में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।[44] 31 मार्च की स्थिति के अनुसार, वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए कुल बकाया ऋण में 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें गैर-बैंक स्रोतों में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (सारणी IV.2बी)।

फरवरी 2026 में, गैर-खाद्य बैंक ऋण[45] ने प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक-आधारित विस्तार दर्ज किया (चार्ट IV.7)। कृषि

**चार्ट IV.5: आरक्षित धन और प्रचलन में मुद्रा (एम$_3$) में टिकाऊ प्रसार**

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)*




**टिप्पणियां:** बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 2025 के ज़रिए पखवाड़े की परिभाषा में बदलाव के साथ, आरक्षित धन और मुद्रा आपूर्ति का डेटा 15 दिसंबर, 2025 से प्रभावी होकर महीने के 15वें और आखिरी दिन से जुड़ा होगा।

**स्रोत:** आरबीआई।

**चार्ट IV.6: बैंक ऋण और जमा वृद्धि में बढ़ोतरी**

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)*




**टिप्पणियां:** 1. एससीबी के आंकड़ों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भी शामिल हैं। उक्त आंकड़ों में एक गैर-बैंक के बैंक में विलय का असर भी शामिल है।

2. बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 2025 के ज़रिए पखवाड़े की परिभाषा में बदलाव के साथ, एससीबी के लिए डेटा 15 दिसंबर, 2025 से प्रभावी होकर महीने के 15वें और आखिरी दिन से जुड़ा होगा।

**स्रोत:** पाक्षिक धारा 42 विवरणी, आरबीआई।

---

[39] सेबी के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में निर्गम बढ़कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो फरवरी में 0.66 लाख करोड़ रुपये था। संचयी आधार (अप्रैल 2025-मार्च 2026) पर, यह 2025-26 में ₹9.11 लाख करोड़ था, जो पिछले वर्ष में ₹9.95 लाख करोड़ से कम था।

[40] आरक्षित धन वृद्धि (नकद आरक्षित अनुपात में परिवर्तन के पहले दौर के प्रभाव के लिए समायोजित) 30 मार्च, 2026 को बढ़कर 10.9 प्रतिशत हो गई, जो 28 फरवरी, 2026 को 10.3 प्रतिशत थी। इसी अवधि के दौरान प्रचलनगत मुद्रा में वृद्धि 10.6 प्रतिशत से बढ़कर 11.9 प्रतिशत हो गई।

[41] मुद्रा आपूर्ति वृद्धि 31 मार्च, 2026 को बढ़कर 13.0 प्रतिशत हो गई, जो 28 फरवरी, 2026 को 11.5 प्रतिशत थी।

[42] एससीबी की ऋण और जमा वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 31 मार्च, 2026 को क्रमशः 16.1 प्रतिशत और 13.5 प्रतिशत हो गई, जो 28 फरवरी, 2026 को क्रमशः 14.5 प्रतिशत और 11.9 प्रतिशत थी।

[43] भारत में निवल आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (अर्थात् प्रत्यावर्तन/विनिवेश के लिए समायोजित सकल अंतर्वाह)।

[44] 2025-26 (फरवरी 2026 तक) के दौरान गैर-वित्तीय संस्थाओं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश द्वारा जारी किए गए 44 कॉरपोरेट बॉण्ड क्रमशः 3.01 लाख करोड़ रुपये और 3.24 लाख करोड़ रुपये हो गए, जो 2024-25 की इसी अवधि के दौरान 1.35 लाख करोड़ रुपये और 2.17 लाख करोड़ रुपये थे।

[45] अनंतिम डेटा। बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण संबंधी आंकडे क्षेत्र-वार और उद्योग-वार बैंक ऋण (एसआईबीसी) विवरणी पर आधारित होते हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा प्रदान किए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा 41 चुनिंदा बैंकों को शामिल किया जाता है। 31 दिसंबर, 2025 से बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत अंतिम रिपोर्टिंग पखवाड़े की परिभाषा को महीने के अंतिम दिन में बदल दिया गया है। तदनुसार, दिसंबर 2025 से वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर चालू वर्ष के महीने के अंत के आंकड़ों और पिछले वर्ष के इसी महीने के लिए अंतिम रिपोर्टिंग पखवाड़े (पुरानी परिभाषा के अनुसार) के आंकड़ों पर आधारित है। गैर-खाद्य ऋण वृद्धि की गणना पाक्षिक धारा-42 विवरणी के आधार पर की जाती है, जिसमें सभी एससीबी शामिल हैं।

**सारणी IV.2ए: वाणिज्यिक क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों का प्रवाह बढ़ा**

*(₹ लाख करोड़)*

| स्रोत | अप्रैल-मार्च | | 31 जनवरी तक | |
|---|---|---|---|---|
| | 2023-24 | 2024-25 | 2024-25 | 2025-26 पी |
| **ए. गैर-खाद्य बैंक ऋण** | **22.95** | **18.08** | **18.08** | **29.19** |
| **बी. गैर-बैंक स्रोत (बी1+बी2)** | **12.64** | **17.10** | **14.25** | **15.48** |
| बी1. घरेलू स्रोत | 10.20 | 13.86 | 10.98 | 10.56 |
| बी2. विदेशी स्रोत | 2.43 | 3.25 | 3.27 | 4.92 |
| **सी. संसाधनों का कुल प्रवाह (ए+बी)** | **35.59** | **35.18** | **32.33** | **44.67** |

पी: अनंतिम।

**टिप्पणियाँ:** 1. संख्याओं को पूर्णांकित करने के कारण आकड़ों का योग भिन्न हो सकता है।

2. विस्तृत टिप्पणियों और डेटा के लिए, कृपया वर्तमान सांख्यिकी सारणी संख्या: 18 (ए) देखें।

**स्रोत:** आरबीआई; सेबी; एआईएफआई; और आरबीआई कर्मचारियों की गणना।

और औद्योगिक ऋण वृद्धि में बढ़ोतरी देखी गई। बड़े उद्योगों और एमएसएमई, दोनों के लिए ऋण मजबूत गति से बढ़ता रहा। एनबीएफसी और वाणिज्यिक स्थावर संपदा को बैंक ऋण देने में लगातार दो अंकों की वृद्धि के कारण सेवा क्षेत्र में ऋण प्रवाह में तेजी बनी रही। व्यतिगत ऋण के दायरे में आवास और वाहन क्षेत्र में स्थिरता रही, जबकि स्वर्ण ऋण में वृद्धि अधिक रही।

*जमा और उधार दरें*

नीतिगत रेपो दर में संचयी 125 आधार अंकों (बीपीएस) की कमी के परिणामस्वरूप, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के दौरान रेपो-सम्बद्ध बाहरी बेंचमार्क-आधारित उधार दरों और निधि -आधारित उधार दरों की सीमांत लागत दोनों को समायोजित किया है (सारणी IV.3)। भारित औसत उधार दरों (डबल्यूएएलआर) के लिए संचरण सभी क्षेत्रों में चल रहे सहजता चक्र के दौरान मजबूत रहा है (चार्ट IV.8)। जमा पक्ष पर, नई जमाओं पर भारित औसत

**सारणी IV.2बी: वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए बकाया ऋण**

*(₹ लाख करोड़; कोष्ठक में आंकड़े वर्ष दर वर्ष प्रतिशत परिवर्तन हैं)*

| स्रोत | मार्च के अंत में | | 31 मार्च तक | |
|---|---|---|---|---|
| | 2024 | 2025 | 2025 | 2026 पी |
| **ए. गैर-खाद्य बैंक ऋण** | **165.64** | **183.72** | **183.72** | **212.91** |
| | **(21.3)** | **(10.9)** | **(10.9)** | **(15.9)** |
| **बी. गैर-बैंक स्रोत (बी1+बी2)** | **77.57** | **88.86** | **85.57** | **98.91** |
| | **(4.2)** | **(14.6)** | **(13.4)** | **(15.6)** |
| बी1. घरेलू स्रोत | 56.59 | 66.37 | 62.65 | 73.27 |
| | (4.9) | (17.3) | (14.8) | (17.0) |
| बी2. विदेशी स्रोत | 20.98 | 22.49 | 22.92 | 25.64 |
| | (2.4) | (7.2) | (9.8) | (11.9) |
| **सी. कुल ऋण (ए+बी)** | **243.21** | **272.58** | **269.29** | **311.82** |
| | **(15.3)** | **(12.1)** | **(11.7)** | **(15.8)** |

पी: अनंतिम।

**टिप्पणियाँ:** 1. कॉलम में आंकड़े पूर्णांकन के कारण कुल से मेल नहीं खा सकते हैं।

2. गैर-बैंक स्रोतों के आंकड़ों में घरेलू स्रोतों के तहत इक्विटी और हाइब्रिड लिखत जारी किए जाने और विदेशी स्रोतों के तहत इक्विटी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल नहीं है।

3. बकाया डेटा के आधार पर प्रवाह सारणी IV.2ए में प्रदान किए गए प्रवाह के साथ मेल नहीं खा सकता है। इसका कारण निम्नलिखित हो सकता है:
   (ए) 1 जुलाई 2023 को एचडीएफ़सी बैंक के साथ एचडीएफ़सी लिमिटेड का विलय;
   (बी) कुछ आवास वित्त कंपनियों का गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में परिवर्तन; और
   (सी) विदेशी स्रोतों के मामले में मूल्यांकन प्रभाव।

4. विस्तृत नोट्स और डेटा के लिए, कृपया वर्तमान सांख्यिकी सारणी संख्या: 18 (बी) देखें।

**स्रोत:** आरबीआई; सेबी; एआईएफआई; और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

घरेलू सावधि जमा दर में नरमी मुख्य रूप से थोक जमाओं के कारण हुई।

फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में निजी बैंकों के लिए डब्ल्यूएएलआर का संचरण अधिक था। जमा पक्ष पर, संचरण की सीमा मोटे तौर पर दोनों समूहों में समान थी। विदेशी बैंकों के लिए जमा और उधार दरों दोनों में कमी अधिक रही है (चार्ट IV.9)।

*इक्विटी बाजार*

लगातार भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच मार्च में भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट आई। सभी क्षेत्रों में व्यापक

**चार्ट IV.7: व्यापक आधार पर बैंक ऋण वृद्धि**

*(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)*

**स्रोत:** आरबीआई।

आधार पर गिरावट देखी गई, जिससे अस्थिरता में तेज वृद्धि हुई।[46] अप्रैल (16 तारीख तक) में, हालांकि, अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की बहाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच बाजारों में सुधार हुआ (चार्ट IV.10)।

**सारणी IV.3: बैंकों की जमा और ऋण दरों में मजबूत संचरण**

*(आधार अंक)*

| | | सावधि जमा दरें | | ऋण दरें | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अवधि | रेपो दर | डब्ल्यूएडीटीडीआर – नया जमा | डब्ल्यूएडीटीडीआर-बकाया जमा | ईबीएलआर | 1-वर्षीय एमसीएलआर (माध्यिका) | डब्ल्यूएलआर – नया रुपया ऋण: कुल मिलाकर | डब्ल्यूएलआर – नया रुपया ऋण: ब्याज दर प्रभाव# | डब्ल्यूएलआर-बकाया रुपया ऋण |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| **सख़्ती वाली अवधि** मई 2022 से जनवरी 2025 तक | 250 | 259 | 206 | 250 | 175 | 182 | 191 | 115 |
| **ढील वाली अवधि** फर 2025 से फर 2026 तक | -125 | -97 | -47 | -125 | -55 | -89 | -92 | -87 |

**#:** जनवरी 2025 की भारिता के आधार पर गणना की गई।
डब्ल्यूएलआर: भारित औसत उधार दर। डब्ल्यूएडीटीडीआर: भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर;
एमसीएलआर: निधि-आधारित उधार दर की सीमांत लागत; ईबीएलआर: बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दर।
**टिप्पणी**: ईबीएलआर संबंधी आंकडे 32 घरेलू बैंकों से संबंधित हैं।
**स्रोत**: आरबीआई।

[46] इंडिया VIX फरवरी के अंत में 13.7 से मार्च के अंत में दोगुना से बढ़कर 27.9 के स्तर पर पहुंच गया। यह 16 अप्रैल, 2026 को घटकर 18.1 के स्तर पर आ गया।

चार्ट IV.8: विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक आधार पर संचरण (फरवरी 2025 - फरवरी 2026)




**टिप्पणी:** फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के दौरान अंतरण की गणना जनवरी 2025 की भारित औसत दर को फरवरी 2026 की भारित औसत दर से घटाकर की जाती है।
**स्रोत:** आरबीआई।

*वित्त के बाहरी स्रोत*

अप्रैल 2025 - फरवरी 2026 के दौरान, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह सकल और निवल दोनों स्थितियों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहा।[47] फरवरी में, उच्च सकल अंतर्वाह और कम प्रत्यावर्तन के कारण लगातार छह महीनों तक ऋणात्मक रहने के बाद निवल एफडीआई धनात्मक हो गया। फरवरी में बाहरी एफडीआई प्रवाह का लगभग 75 प्रतिशत सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और यूके में किया गया था (चार्ट IV.11)।

2025-26 के दौरान, निवल एफपीआई ने मुख्य रूप से इक्विटी खंड द्वारा संचालित बहिर्वाह दर्ज किया।[48] मार्च में, पश्चिम

चार्ट IV.9: बैंक समूह में मौद्रिक संचरण (फरवरी 2025 - फरवरी 2026)




**टिप्पणी** : फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के दौरान अंतरण की गणना जनवरी 2025 की भारित औसत उधार और जमा दर को फरवरी 2026 की भारित औसत दर से घटाकर की जाती है।
**स्रोत:** आरबीआई।

[47] अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान सकल एफडीआई प्रवाह बढ़कर 88.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की इसी अवधि के दौरान 74.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसी तरह, इसी अवधि के दौरान निवल एफडीआई प्रवाह 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

[48] वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 48 निवल एफपीआई बहिर्वाह 16.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। मार्च 2026 में, निवल एफपीआई ने 13.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बहिर्वाह दर्ज किया।

**चार्ट IV.10: पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद से अप्रैल में इक्विटी मार्केट में सुधार हुआ**

*(इंडेक्स, बायां स्केल; हजार करोड़, दायां स्केल)*




**टिप्पणी:** डीआईआई: घरेलू संस्थागत निवेशक; एफपीआई: विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक।
**स्रोत:** ब्लूमबर्ग

**IV.12: विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक मार्च में निवल विक्रेता**

*(बिलियन अमेरिकी डॉलर)*




**टिप्पणी:** 1. डेब्ट में हाइब्रिड लिखत के अंतर्गत किए गए निवेश भी शामिल हैं।
2. *: 16 अप्रैल तक का डेटा।
**स्रोत:** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)।

एशिया संघर्ष के बाद वैश्विक निवेशकों की भावनाओं में गिरावट के कारण निवल एफपीआई बहिर्वाह में वृद्धि हुई (चार्ट IV.12)।

पिछले वर्ष की तुलना में अप्रैल 2025 - फरवरी 2026 के दौरान बाहरी वाणिज्यिक उधारों के पंजीकरण और निवल प्रवाह में कमी आई, जो अपतटीय धन उगाहने वाली गतिविधि में मंदी को दर्शाता है (चार्ट IV.13)।[49] उधार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कॉरपोरेट द्वारा पूंजीगत व्यय के लिए जुटाया गया था।[50]

**चार्ट IV.11: फरवरी में निवल एफडीआई धनात्मक हुआ**




**स्रोत:** आरबीआई।

---

[49] कुल ईसीबी पंजीकरण अप्रैल 2025-फरवरी 2026 के दौरान घटकर 37.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 50.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

[50] पूंजीगत व्यय के उद्देश्य के लिए जुटाई गई उधार का हिस्सा अप्रैल 2025-फरवरी 2026 के दौरान 42.8 प्रतिशत से थोड़ा कम था, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान 43.9 प्रतिशत था।

**चार्ट IV.13: बाह्य वाणिज्यिक उधारी में कमी**

*(बिलियन यूएस $)*




**स्रोत:** आरबीआई

**चार्ट IV.15: भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त रहा**

*(बिलियन यूएस $, बायां मान; माह, दायां मान)*




*: 10 अप्रैल, 2026 तक

**टिप्पणी:** भुगतान शेष आंकड़ों के अनुसार आयात कवर डेटा वार्षिक पण्य आयात पर आधारित हैं।

**स्रोत:** आरबीआई।

प्रमुख बाहरी क्षेत्र सुभेद्यता संकेतक, अर्थात, बाहरी ऋण-से-जीडीपी अनुपात, सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के लिए निवल अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी) और कर्ज चुकौती अनुपात, दिसंबर 2025 के अंत में स्थिर रहे। दिसंबर 2025 के अंत में भारत का विदेशी ऋण 765.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो सितंबर 2025 के अंत में अपने स्तर से 18.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज करता है (चार्ट IV.14)।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक बना हुआ है, जो दिसंबर 2025 के अंत तक लगभग 11 महीने[51] के माल आयात और बकाया विदेशी ऋण का लगभग 92 प्रतिशत[52] कवर प्रदान करता है (चार्ट IV.15)।

**चार्ट IV.14: भारत के बाहरी सुभेद्यता संकेतक नियंत्रित रहे**

*(प्रतिशत)*




**स्रोत:** आरबीआई

[51] 10 अप्रैल, 2026 तक, वस्तुओं और सेवाओं के लिए आयात कवर लगभग 8.7 महीने था।

[52] गणना 10 अप्रैल, 2026 तक के आरक्षित निधि का उपयोग करती है।

2025-26 की तीसरी तिमाही (चार्ट IV.16) के दौरान भारत की निवल अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी) में सुधार हुआ।[53] यह सुधार भारत में विदेशी स्वामित्व वाली आस्तियों की तुलना में भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में उच्च वृद्धि से प्रेरित था।[54]

विदेशी मुद्रा बाजार

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, मार्च में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये (आईएनआर) में गिरावट देखी गई (चार्ट IV.17)।[55] तथापि, रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए उपायों[56] और अमरीका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद अप्रैल में मूल्यह्रास के दबावों को नियंत्रित कर लिया गया था। वास्तविक अर्थों में, भारतीय रुपये में नाममात्र प्रभावी स्थितियों में मूल्यह्रास और अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की तुलना में भारत में अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति के कारण मार्च में भारतीय रुपये का अवमूल्यन हुआ (चार्ट IV.18)।

**चार्ट IV. 16: भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश की स्थिति में सुधार**

*(बिलियन यूएस $, बायां मान; बिलियन यूएस $, दायां मान)*




**स्रोत:** आरबीआई

**चार्ट IV.17: मार्च में अवमूल्यन के बाद अप्रैल में आईएनआर में मजबूती आई**




**टिप्पणी** : पीली कैंडल्स अवमूल्यन को दर्शाती हैं, अर्थात, सप्ताहांत पर आईएनआर खुलने के मुकाबले मजबूत स्थिति में बंद हुआ है। नीली कैंडल्स अधिमूल्यन को दर्शाती हैं, अर्थात सप्ताहांत पर आईएनआर खुलने के मुकाबले कमजोर स्थिति में बंद हुआ है।

**स्रोत**:आरबीआई।

[53] 10.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सुधार हुआ और यह 260.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

[54] अंतरराष्ट्रीय देयताओं के लिए भारत की अंतरराष्ट्रीय आस्तियों का अनुपात दिसंबर 2025 में मामूली रूप से सुधरकर 82.1 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर 2025 में 81.4 प्रतिशत था।

[55] मार्च में फरवरी के अंत में रुपये में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई।

[56] इन उपायों में तटवर्ती सुपुर्दगी योग्य बाजार में प्राधिकृत डीलरों की निवल खुली स्थिति को सीमित करना और गैर-सुपुर्दगी योग्य वायदा बाजार में उनकी गतिविधियों को सीमित करना शामिल है।

**चार्ट IV.18 : 40 मुद्रा वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में परिवर्तन**




**टिप्पणी:** धनात्मक बदलाव नाममात्र और वास्तविक प्रभाव विनिमय दर में बढ़ोतरी दिखाता है और ऋणात्मक बदलाव अवमूल्यन दिखाता है।
**स्रोत:** आरबीआई।

## V. निष्कर्ष

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और बढ़ती ऊर्जा लागत के साथ वैश्विक व्यापक आर्थिक परिवेश में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। पण्य की कीमतों और वित्तीय बाजारों में बढ़ी हुई अस्थिरता ने अनिश्चितता को बढ़ा दिया है। संघर्ष का और तेज होना, इसका विस्तार और व्यापक भौगोलिक प्रसार वैश्विक दृष्टिकोण के लिए प्रमुख नकारात्मक जोखिम बने हुए हैं। संघर्ष की तीव्रता और अवधि तथा ऊर्जा एवं अन्य बुनियादी ढांचे को परिणामी नुकसान मुद्रास्फीति और विकास के दृष्टिकोण में जोखिम बढ़ाते हैं।[57] यदि संघर्ष बना रहता है और आपूर्ति शृंखलाओं को जल्दी बहाल नहीं किया जाता है, तो यह उच्च ऊर्जा लागत, इनपुट लागत दबाव, व्यापार प्रवाह में व्यवधान और वित्तीय बाजार के स्पिलओवर के रूप में घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है। हालांकि मुद्रास्फीति सहनीयता बैंड के भीतर निहित है, लेकिन मौसम से संबंधित अनिश्चितताओं सहित आपूर्ति-पक्ष के व्यवधानों से प्रेरित होने वाले जोखिम में वृद्धि हुई है। आपूर्ति के आघातों के साथ संभावित दूसरे दौर के प्रभाव भी मांग के आघातों को बदल सकते हैं, जो सावधानीपूर्वक और निरंतर मूल्यांकन की अपेक्षा दर्शाते हैं। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुछ राहत दी है। यह अपेक्षा की जा सकती है कि सुदृढ़ समष्टि-आर्थिक स्थितियां, भारतीय अर्थव्यवस्था को इस तरह के आघातों का सामना करने के लिए अपनी लोचनीयता बनाए रखने में मदद प्रदान कर सकती हैं।

[57] मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2026-27 मौद्रिक नीति समिति का संकल्प, अप्रैल, 2026